आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 9 दिसंबर 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-249 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112




## विष्णुदेव साय ने 7 आवासीय परियोजनाओं का किया शुभारंभ

**रायपुर,9 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 'सभी के लिए आवास' की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आज अटल विहार योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की 7 आवासीय परियोजनाओं का शुभारंभ किया। सीएम साय ने कहा कि हमारी सरकार के एक वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इस अवसर पर राज्य सरकार 'अटल विहार योजना' की शुरुआत करने जा रही है, जिससे जरूरतमंदों को विशेष रूप से शहरी क्षेत्र के लोगों को किफायती दर पर मकान उपलब्ध कराए जा सकें। मुख्यमंत्री साय ने जिन आवासीय परियोजनाओं का शुभारंभ किया है, इसके तहत 7 विभिन्न स्थानों पर भूरकोनी-रायपुर, पथर्रा-राजिम, खरतुली-धमतरी, सिहाद-धमतरी, पुलगांव-दुर्ग, गुरूर-बालोद और



कोकड़ापारा-बीजापुर में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी श्रेणी के आवास बनाए जाएंगे। लगभग 300 करोड़ रुपए की लागत की इन परियोजनाओं के तहत 1650 मकान बनाए जाएंगे। इनमें ई.डब्ल्यू.एस. और एल.आई.जी. श्रेणी के 1452 आवास और एम.आई.जी. श्रेणी के 200 आवास बनाए जाएंगे। हितग्राही भवनों का ऑनलाईन पंजीयन वेबसाईट (www.cghb.gov.in) के माध्यम से घर बैठे कर सकेंगे। साय ने इस अवसर पर कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्नारा हर शहरी गरीब परिवारों को आवास मिले, इस उद्?द्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना लागू की गई है। इससे प्रेरणा लेते हुए हमारी राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों और विकासखंड में रह रहे आवासहीन, कच्चे भवन के स्थान पर किफायती और पक्के छत युक्त आवास उपलब्ध कराने के लिए 'अटल विहार योजना÷ प्रारंभ की है, जिसके तहत हाउसिंग बोर्ड द्वारा 50,000 भवनों का निर्माण कर आबंटन का लक्ष्य निर्धारित किया है। आगे कहा कि अटल विहार योजना के लिए हाउसिंग बोर्ड को एक रूपये प्रति वर्ग फुट पर शासकीय भूमि उपलब्ध कराई जा रही है। इस संबंध में प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देश दिये गये है। इस योजना में राज्य शासन की ओर से पूर्व में घोषित अनुदान को जारी रखते हुए ई.डब्ल्यू.एस. भवनों में 80,000 रुपए और एल.आई.जी. भवनों में 40,000 रुपए अनुदान दिया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री ओ.पी. चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि अटल विहार योजना के तहत आवासों का निर्माण गुणवत्ता के साथ किया जाएगा। वहीं राजधानी रायपुर के साथ-साथ दूरस्थ बीजापुर जिले में भी मकान बनाए जाएंगे। जल्द ही यह योजना सभी जिलों में शुरू होगी। हाउसिंग बोर्ड ने वर्ष 2012 में नियमित भवनों को फ्री-होल्ड करने की योजना प्रारंभ की थी। इस योजना के तहत राज्य के लोगों की मांग को प्राथमिकता देते हुए हमारी सरकार ने अभी हाल ही में 26 नवम्बर 2024 को हुई कैबिनेट बैठक में फ्री-होल्ड किये जा रहे भवनों में डायवर्सन शुल्क एवं पेनाल्टी में शत प्रतिशत छूट प्रदान की है। इससे हाउसिंग बोर्ड के लगभग 80 हजार हितग्राहियों को राहत मिलेगी।

## संक्षेप

### राहुल गांधी बने रिपोर्टर

**नईदिल्ली,9 दिसंबर।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में गौतम अडाणी के रिश्वतखोरी मामले को लेकर विपक्ष का हंगामा जारी है।सोमवार को संसद परिसर में विपक्षी इंडिया गठबंधन के सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अडाणी का मुखौटा पहनकर विरोध-प्रदर्शन किया और नाटक किया।इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रिपोर्टर बने और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और अडाणी का एक बनावटी साक्षात्कार लिया।हालांकि, प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के सांसद शामिल नहीं हुए। संसद परिसर में सांसद मणिकम टैगोर और सप्त गुरुलका प्रधानमंत्री मोदी और अडाणी का मुखौटा पहनकर गले में हाथ डालकर खड़े थे।इस दौरान राहुल गांधी ने अडाणी का मुखौटा लगाए सांसद से पूछा, आपको क्या चाहिए?इस पर सांसद ने मोदी का मुखौटा लगाए सांसद के गले में हाथ डालकर कहा, हमें बंदरगाह चाहिए और बहुत कुछ चाहिए,राहुल ने पूछा, कब से आपकी पार्टनरशिप है। सांसदों ने जवाब दिया, सालों से चल रही है। हम दोनों एक हैं।

### छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा

**रायपुर,9 दिसंबर।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 13 दिसंबर को एक दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे. साय सरकार के 1 साल पूरे होने पर वे यहां सरकार का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे. राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा के दौरे को लेकर प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि भाजपा सरकार सुशासन के तौर पर काम कर रही है. एक साल में ही हमने बहुत काम किया है. आगे और भी करते रहेंगे. राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे के दौरान 1 साल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया जाएगा.

### पीएम मोदी ने सोनिया गांधी को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली, 9 दिसंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, सोनिया गांधी को उनके जन्मदिन पर बधाई। मैं उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। हाशिए पर मौजूद लोगों के अधिकारों की सच्ची चैंपियन, प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच अत्यंत अनुग्रह, सम्मान और साहस की प्रतीक, सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

### दिल्ली के 40 स्कूलों को एक साथ फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली, 9 दिसंबर।** दिल्ली में एक बार फिर 40 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी के बाद स्कूल पहुंचे बच्चों को वापस घर भेज दिया गया है। सावधानी के तौर पर फायर ब्रिगेड और सुरक्षा विभाग की टीमें स्कूलों में जांच कर रही है। सोमवार की सुबह 7 बजे आरके पुरम के डीपीएस, पश्चिम विहार के जीडी गोयनका स्कूल, मदर मैरी स्कूल समेत 40 स्कूल मैनेजमेंट को बम की धमकी भरा ईमेल आया है। ये मामला सामने आते ही सबसे पहले बच्चों को घर भेजा गया और पुलिस को जानकारी दी गई। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया के जरिए केंद्र पर निशाना साधते हुए लिखा, दिल्ली में रोजमर्रा होने वाली फिरौती, हत्याओं, गोलीबारी की घटनाओं के बाद अब स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियाँ मिल रही है। दिल्ली में लॉ एंड ऑर्डर की ऐसी बदहाल हालत पहले कभी नहीं रही।

## रेलवे अण्डरब्रिज आज से पूरे 21 दिनों के लिए बंद

**भिलाई,9 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भिलाई सिरसा गेट रेलवे अण्डरब्रिज से आज से पूरे 21 दिनों के लिए आवाजाही बंद कर दिया गया है। इस दौरान अण्डरब्रिज की जर्जर सड़क और दीवारों से होने वाले पानी के रिसाव की मरम्मत की जाएगी। मरम्मत के बाद राहत मिलने से पहले इस मार्ग से होकर गुजरने वालों की दिक्कत बढ़ गई है। कामकाजी लोग और प्रतियोगी परीक्षा के सिलसिले में पार्थिवी कॉलेज आने - जाने वालों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है भिलाई-3 को पाटन विकासखण्ड के लगभग 160 गांव से जोड़ने वाली सिरसा गेट रेलवे अण्डरब्रिज के मरम्मत का काम आज से शुरू हो गया है। इसके लिए पूर्व में की गई घोषणा के अनुरूप रेलवे प्रशासन ने आज सुबह 9 बजे अण्डरब्रिज के दोनों छोर में बेरिकेडिंग कर आवाजाही पर रोक लगा दी है। अण्डरब्रिज से आवाजाही पर लगी यह रोक पूरे



21 दिनों तक अनवरत जारी रहेगी। 31 दिसंबर को इस अण्डरब्रिज से आवाजाही पुनः शुरू करने की घोषणा रेलवे द्वारा की गई है सिरसा गेट अण्डरब्रिज के बंद हो जाने से आज कामकाज के सिलसिले में आने - जाने वाले लोगों को अन्य वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करना पड़ा। सिरसा कला स्थित पार्थिवी कॉलेज में आज आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षा के लिए बड़ी संख्या में बाहर से परीक्षार्थी पहुंचे। इन्हें सिरसा गेट अण्डरब्रिज बंद रहने से चरोदा या फिर उरला रेलवे अण्डरब्रिज से होकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में पांच से सात किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ी। इसी तरह की दिक्कत का सामना रेलवे के पीपी यार्ड, एनएसपीसीएल पावर प्लांट व नगर निगम के कर्मचारियों सहित हजारों की संख्या में भिलाई-3 की ओर आने वाले ठेका श्रमिकों को भी करना पड़ा।

## नहीं खुलेगा शंभू बॉर्डर, सुप्रीम कोर्ट ने ओपन करने की मांग वाली याचिका खारिज की

**नई दिल्ली,9 दिसंबर।** दिल्ली को हरियाणा से जोड़ने वाला शंभू बॉर्डर अभी नहीं खुलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर को खोलने की मांग करने वाली याचिका को खारिज करते हुए चर्चा करने से भी इंकार कर दिया। सोमवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में पहले से ही एक याचिका लंबित है। लिहाजा नई पर चर्चा नहीं होगी।

बता दें कि शंभू बॉर्डर इन दिनों आंदोलनकारी किसानों और पुलिस के बीच जंग का अखाड़ा बना हुआ है। आंदोलनकारी किसान अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच करने पर



अड़े हुए हैं। वहीं हरियाणा और दिल्ली पुलिस किसानों को दिल्ली मं प्रवेश करने से रोकने के लिए शंभू बॉर्ड को सील किए है। इससे किसान पिछले एक साल से वहीं जमे हुए हैं। सोमवार (9 दिसंबर 2024) को सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर खोलने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। इस अर्जी में पंजाब के सभी हाइवे खोलने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान कहा गया कि इस मामले में पहले से ही एक याचिका लंबित है, इसलिए नई पर चर्चा नहीं होगी।

## पिकअप पलटा, एक मासूम की मौत,25 से अधिक घायल

**कोरबा,9 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में रविवार रात एक बड़ा हादसा हो गया. 25 से अधिक लोग एक पिकअप वाहन में सवार होकर पिकनिक मना कर लौट रहे थे. इसी दौरा कटघोरा क्षेत्र के जटगा चौकी के ग्राम घुमानीडांड़ के पास अचानक गाड़ी पलट गई. इस हादसे में गाड़ी मे दबकर मासूम की मौत हो गई और 25 लोग घायल हो गए. घायलों में 7 की हालत गंभीर है. मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगिरों की मदद से सभी घायलों को तत्काल कटघोरा स्वास्थ्य केंद्र में भेजा, जहां उनका इलाज जारी है और मर्ग कायम कर मासूम के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई मे जुट गई है. जानकारी के अनुसार, ये ग्रामीण कोरबा जिला के बनखेता ग्राम पंचायत के कांसा मार गांव के निवासी थे, जो बुका में पिकनिक मनाने गए थे. पिकनिक के बाद सभी लोग पिकअप वाहन में सवार होकर अपने गांव वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया. गाड़ी का चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन पलट गई. इस हादसे में एक मासूम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 अन्य लोग घायल हो गए. हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने घायल ग्रामीणों को बाहर निकाला. फिलहाल पुलिस और प्रशासन हादसे की जांच कर रहे हैं.

## धान उपार्जन केंद्र में लगी भीषण आग, कार्यालय हुआ जलकर खाक

**सारंगढ़,9 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ मे बीती रात बोहराबहाल धान उपार्जन केन्द्र के कार्यालय में भीषण आग लग गई, जिससे कार्यालय जलकर खाक हो गया. बोहराबहाल में झोपड़ी बनाकर कार्यालय का संचालन किया जा रहा था. जहां रविवार रात 1 बजे आग लगने से करीब 10 हजार बारदाना, कंप्यूटर सेट, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, मोटरसाइकिल समेत अन्य कई कीमती सामान जलकर राख हो गए. आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन यह हादसा यह साबित करता है कि धान खरीदी के केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्थाओं का अभाव है. स्थानीय लोगों का कहना है कि धान उपार्जन केंद्रों में महज दिखावे के लिए



तैयारियां की जाती हैं, जबकि सामान्य दुर्घटनाओं से निपटने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है. इस हादसे ने यह भी सवाल खड़ा किया है कि करोड़ों रुपये का धान बिना किसी सुरक्षा के खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है, जो बड़ी क्षति का

## रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते हुए भारत का हो रहा विकासः मोदी

**जयपुर,9दिसंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जयपुर में 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 को संबोधित किया। उद्घाटन समारोह के दौरान उन्होंने कहा कि दुनिया का हर निवेशक भारत को लेकर उत्साहित है। मोदी ने कहा कि राजस्थान की विकास यात्रा में आज एक और अहम दिन है। देश और दुनिया से बड़ी संख्या में प्रतिनिधि और निवेशक यहां पधारे हैं। यहां उद्योग जगत के भी अनेक साथी मौजूद हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में आप सभी का अभिनंदन है। मैं राजस्थान की भाजपा सरकार को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दूंगा। मोदी ने आगे कहा कि आज दुनिया का हर विशेषज्ञ, हर निवेशक भारत को लेकर बहुत ही उत्साहित है। रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते हुए भारत ने जो विकास किया है, वो हर क्षेत्र में नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद, सात दशक में भारत, दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाया था, जबकि पिछले 10 वर्ष में भारत 11वीं अर्थव्यवस्था से दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, डिजिटल डेटा और वितरण की शक्ति क्या होती है, ये भारत की सफलता से पता चलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में जैसे डायवर्स देश में लोकतंत्र इतनी सशक्त हो रही है, ये अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि डेमोक्रेटिक रहते हुए मानवता का कल्याण, भारत का मूल चरित्र है। आज भारत की जनता अपने डेमोक्रेटिक हक के माध्यम से भारत में स्थिर सरकार के लिए वोट कर रही है। मोदी ने कहा कि भारत के इस पुरातन संस्कार को हमारी युवा शक्ति आगे बढ़ा रही है। आने वाले अनेक वर्षों तक भारत, दुनिया के सबसे युवा देशों में रहने वाला है। भारत में युवाओं का सबसे बड़ा पुल होने के साथ ही सबसे बड़ा स्किल्ड युवा वर्ग भी होगा। इसके लिए सरकार एक के बाद एक कई फैसले ले रही है। नरेंद्र मोदी ने कहा



कि ये सदी तकनीक-संचालित, डेटा-संचालित सदी है। भारत ने दिखाया है कि कैसे डिजिटल प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण हर क्षेत्र, हर वर्ग को फायदा पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद की सरकारों की प्राथमिकता न देश का विकास था और न ही देश की विरासत और इसका नुकसान राजस्थान उठा चुका है। आज हमारी सरकार विकास भी, विरासत भी के मंत्र पर चल रही है और इसका बहुत बड़ा लाभ हमारे राजस्थान को हो रहा है।

### किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी

## एमएसपी को लेकर संसद में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कर दिया बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली,9 दिसंबर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा में आश्वासन दिया कि नरेंद्र मोदी सरकार सभी कृषि उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि मंत्री का बयान उस दिन आया जब किसानों ने मांगों के एक चार्टर के साथ दिल्ली तक मार्च किया, जिसमें फसलों के एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी शामिल थी। चौहान ने कहा कि मैं आपके माध्यम से सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसानों की सभी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी। यह मोदी सरकार है और मोदी की गारंटी को पूरा करने की गारंटी है। कृषि मंत्री ने कहा कि एमएसपी तब दिया जाता है जब कोई फसल एमएसपी से कम दाम पर बेची जाती है। मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसानों का कल्याण हमारी प्रतिबद्धता है। हमने एमएसपी बढ़ाने और एमएसपी पर फसल खरीदने का भी काम किया है। मोदी सरकार की नीतियों का हवाला देते हुए, चौहान ने कहा कि 2019 के बाद से, एमएसपी की गणना उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत लाभ को शामिल करने के लिए की गई है, जिससे किसानों को लाभ होगा। उन्होंने इसकी तुलना कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों से



की और आरोप लगाया कि उन्होंने किसानों की मांगों को नजरअंदाज किया। भाजपा नेता ने पूर्व की यूपीए सरकार पर वार करते हुए कहा कि जब दूसरे पक्ष के हमारे मित्र सत्ता में थे, तो उन्होंने रिकॉर्ड पर कहा था कि वे एम एस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को स्वीकार नहीं कर सकते, खासकर उपज की लागत से 50 प्रतिशत अधिक देने पर। मेरे पास रिकॉर्ड है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस कभी किसानों का सम्मान नहीं किया और लाभकारी कीमतों पर कभी गंभीरता से विचार नहीं किया।

## रूस दोस्तों को धोखा नहीं देता...सीरिया के राष्ट्रपति का पता चल गया

**मास्को,9दिसंबर।** सीरिया में तख्तापलट हुआ है और बशर अल असद की सरकार को गिराया गया है। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद अपने परिवार के साथ रूस पहुंचे हैं। पहले खबर आई थी कि बशर अल असद जिस विमान से निकले हैं वो रडार से अचानक गायब हो गया है। अंदाजा ये भी लगाया गया कि कहीं हमलावरों ने उनके विमान को मार तो नहीं गिराया है। लेकिन अब ये अपडेट सामने आया है कि बशर अल असद रूस पहुंच गए हैं और अपने परिवार के साथ पहुंचे हैं। अपने परिवार के साथ वो पहुंचे हैं। सीरिया के विद्रोही लड़ाकों ने दमिश्क में निर्विरोध प्रवेश किया, असद को उखाड़ फेंका और उनके परिवार के लगभग छह दशकों के कठोर शासन को एक बिजली की प्रगति के बाद समाप्त कर दिया, जिसने 13 साल के गृह युद्ध के पाठ्यक्रम को उलट दिया। यह सीरिया में असद के 24 साल के शासन और उसके परिवार के 50 साल के शासन के अंत का प्रतीक है। विएना में रूस के राजदूत मिखाइल उल्यानोव ने अमेरिका पर बड़ा तंज कसा है। उन्होंने कहा कि रूस कठिन परिस्थिति में अपने दोस्तों को धोखा नहीं देता है। इससे पहले रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद ने विद्रोही समूहों के साथ बातचीत के बाद सीरिया छोड़ दिया है और शांतिपूर्वक सत्ता हस्तांतरण करने के निर्देश दिए हैं.

## कश्मीर को भारत से अलग करने की विचारधारा रखने वाले संगठन से जुड़ा सोनिया गांधी का नाम!

**नई दिल्ली,9 दिसंबर।** भाजपा ने आरोप लगाया कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का संबंध जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित एक संगठन से है, जिसने कश्मीर को भारत से अलग करने के विचार का समर्थन किया है। सत्तारूढ़ पार्टी ने एक्स पर कई पोस्ट में कहा कि यह संबंध भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी संस्थाओं के प्रभाव को दर्शाता है। इस बीच, भाजपा के उन आरोपों को अमेरिका द्वारा खारिज किए जाने के बावजूद कि वह भारत को अस्थिर करने के प्रयासों का समर्थन कर रही है, पार्टी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि वह इस मुद्दे पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से 10 सवाल पूछेंगे। उन्होंने कहा कि मीडिया पोर्टल, संगठित अपराध और भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग परियोजना और सोरोस ने भारत की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने और मोदी सरकार को बदनाम करने के लिए विपक्ष के साथ मिलीभगत की है। भाजपा ने दावा किया कि फोरम ऑफ द डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पैसिफिक फाउंडेशन की सह-अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी का संबंध जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित एक संगठन से है। पार्टी ने कहा, विशेष रूप से, एफडीएल-एपी फाउंडेशन ने अपने विचार व्यक्त किए हैं कि कश्मीर को एक अलग इकाई के रूप में माना जाता है।÷ इसने आरोप लगाया सोनिया गांधी और एक ऐसे संगठन के बीच यह संबंध, जिसने कश्मीर को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में विचार का समर्थन किया है, भारत के आंतरिक मामलों पर विदेशी संस्थाओं के प्रभाव और ऐसे संबंधों के राजनीतिक प्रभाव को व्यक्त करता है,। भाजपा ने आगे दावा किया कि राजीव गांधी फाउंडेशन की सोनिया गांधी की अध्यक्षता ने जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन के साथ साझेदारी की, जो भारतीय संगठनों पर विदेशी फंडिंग के प्रभाव को प्रदर्शित करता है। पार्टी ने कहा राहुल गांधी की अडानी पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का जॉर्ज सोरोस द्वारा वित्तपोषित ओसीसीआरपी द्वारा सीधा प्रसारण किया गया, जिसका गांधी ने अडानी की आलोचना करने के लिए एक स्रोत के रूप में उपयोग किया। यह उनके मजबूत और खतरनाक संबंधों के अलावा और कुछ नहीं दिखाता है और भारतीय अर्थव्यवस्था को पटरी से उतारने के उनके प्रयासों को उजागर करता है। उन्होंने कहा कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सार्वजनिक रूप से जॉर्ज सोरोस को अपना पुराना दोस्त माना है। यह वास्तव में उल्लेखनीय बात है, इसने कहा। भाजपा के ये आरोप 5 दिसंबर को उसके



द्वारा यह दावा किए जाने के बाद आए हैं कि अमेरिका की डीप स्टेट ने भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए ओसीसीआरपी और राहुल गांधी के साथ मिलीभगत की है। अमेरिका ने शनिवार को भाजपा के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि उसके विदेश विभाग द्वारा वित्तपोषित संगठन और अमेरिकी ÷डीप स्टेट÷ के तत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिजनेस टाइकून गौतम अडानी पर लक्षित हमलों के माध्यम से भारत को अस्थिर करने के प्रयासों के पीछे हैं। अमेरिकी दूतावास के एक प्रवक्ता ने आरोपों को निराशाजनक बताया और जोर देकर कहा कि अमेरिकी सरकार दुनिया भर में मीडिया की स्वतंत्रता की चैंपियन रही है। अमेरिकी दूतावास के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा सांसद दुबे ने कहा, कल, मैंने अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों का बयान बार-बार पढ़ा। उन्होंने स्वीकार किया कि अमेरिकी सरकार ओसीसीआरपी को फंड करती है और सोरोस का फाउंडेशन भी इसे फंड करता है। ओसीसीआरपी और सोरोस का काम भारत की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करना और विपक्षी नेताओं के साथ मिलकर मोदी सरकार को बदनाम करना है, उन्होंने एक्स पर हिंदी में अपने पोस्ट में कहा। सांसद ने कहा, कल के बयान के बाद मुझे लोकसभा में राहुल गांधी से अपने 10 सवाल पूछने होंगे। विपक्ष संसद में मेरी आवाज दबाने की कोशिश कर रहा है। लोकसभा नियम 357 मुझे सवाल पूछने का अधिकार देता है। कल (सोमवार) का इंतजार है। भाजपा ने गांधी द्वारा अडानी समूह पर हमला करने और उस पर सरकार के साथ नजदीकी होने का आरोप लगाने के लिए ओसीसीआरपी रिपोर्ट का इस्तेमाल करने का हवाला दिया है। अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा, यह निराशाजनक है कि भारत में सत्तारूढ़ पार्टी इस तरह के आरोप लगाएगी। अधिकारी ने कहा, ÷अमेरिकी सरकार पत्रकारों के लिए पेशेवर विकास और क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का समर्थन करने वाले प्रोग्रामिंग पर स्वतंत्र संगठनों के साथ काम करती है। यह प्रोग्रामिंग इन संगठनों के संपादकीय निर्णयों या दिशा को प्रभावित नहीं करती है। एम्स्टर्डम में मुख्यालय वाला ओसीसीआरपी एक मीडिया प्लेटफॉर्म है जो मुख्य रूप से अपराध और भ्रष्टाचार से संबंधित कहानियों पर ध्यान केंद्रित करता है। पिछले महीने, अमेरिकी अभियोजकों ने 62 वर्षीय अडानी, उनके भतीजे सागर और अन्य प्रतिवादियों पर सौर ऊर्जा अनुबंध जीतने के लिए 2020 से 2024 के बीच भारतीय सरकारी अधिकारियों को 250 मिलियन अमरीकी डालर से अधिक की रिश्वत देने का आरोप लगाया था, जिससे संभावित रूप से 2 बिलियन अमरीकी डालर से अधिक का लाभ हो सकता था। अडानी समूह ने

# पंचायत चुनाव जल्द होगा,दावेदारों की लंबी लिस्ट को लेकर चर्चा गरम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,9 दिसंबर।** कबीरधाम जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव जनवरी फरवरी 2025 में होगा इसकी चर्चा बहुत हो रही है । सुबह सुबह चाय पीते पीते लोगों और कार्यकर्ताओं में यह चर्चा हो रही है की भाजपा से बहुत दावेदार ओर कांग्रेस से कम दावेदारों की चर्चा हो रही है । भाजपा से श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी , श्रीमती ज्योति भुवनेश्वर चंद्राकर , बीजेपी वरिष्ठ नेता सीताराम साहू , जिला बीजेपी महामंत्री संतोष पटेल , जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू , जिला बीजेपी उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी , जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीराम साहू , बलदाऊ चंद्रवंशी , सरपंच संघ उपाध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी , पूर्व जनपद सदस्य रूपेश चंद्रवंशी , बीजेपी नेता प्रताप चंद्रवंशी ओर बीजेपी से सामान्य से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रघुराज ठाकुर , नितेश अग्रवाल , पीयूष ठाकुर और कांग्रेस से जिला अध्यक्ष होरी राम साहू , युवा कांग्रेसी नेता रवि चंद्रवंशी , सरपंच संघ अध्यक्ष रूपेंद्र वर्मा के नामों की चर्चा जोरों से हो रही है । जिला पंचायत 13 ओर 14 से रामकृष्ण साहू दावेदारी कर सकते है और जिला पंचायत 5 से राजेंद्र चंद्रवंशी , मनीराम साहू और बलदाऊ चंद्रवंशी ओर जिला ग्यारह से सीताराम साहू , जिला दस से प्रताप चंद्रवंशी ओर रूपेश चंद्रवंशी की दावेदारी को लेकर भारी चर्चा बना हुआ है । महिलाओं में कांग्रेस से श्रीमती सीमा अगम अनंत , बीजेपी से श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी और ज्योति भुवनेश्वर चंद्राकर , रागिनी साहू की सशस्क्त दावेदारी को लेकर चर्चा है ।

## एक नजर

### हथियार से डरा रहा था, गिरफ्तार



**भिलाई, 9 दिसंबर।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में सूर्या मॉल में अवैध रूप से हथियार रखकर लोगों को भयभीत करने वाले एक आरोपी को स्मृति नगर चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से दो नग स्टील का धारदार नुकीला खंजर बरामद किया है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि रात 11ण्40 मुखबीर से सूचना मिली कि लिस्टोमेनिया बार गेट के पास सूर्यामाल में एक व्यक्ति खंजर लहराकर लोगों को भयभीत कर रहा है सूचना पर पुलिस चौकी स्मृतिनगर तत्काल सूर्यामॉल पहुंचेए जहां आरोपी आसिफ अली ;23 वर्षद्ध निवासी केलाबाड़ी दुर्ग थाना पदमनाभपुर जिला दुर्ग को लिस्टोमेनिया गेट मे खंजर लहराकर लोगो के डरा धमका रहा था जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर सूर्यामाल से सूर्याविहार जाने वाली रोड पर दौड़ा कर पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से दो नग स्टील का धारदार नुकीला खंजर बरामद किया गया सीसीटीवी में कैद हो गई ।

### बीएलओ से दुर्व्यवहार, युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 9 दिसंबर।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र बीएलओ के साथ युवक द्वारा दुर्व्यवहार के संबंध में वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने बीएलओ से करते ही पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है मिली जानकारी के अनुसार शास्त्री नगर कैम्प 1 में संचालित पूर्व माध्यमिक शाला में शुक्रवार को जितेंद्र यादव उर्फ जीतू शराब के नशे में पहुंचा और जमकर बवाल करने लगा जीतू काफी नशे में था उसने बीएलओ को धमकाना शुरू कर दिया उसकी हरकत का पूरा वीडियो वहीं के एक स्टॉफ ने बना लिया वीडियो में जीतू वहां के शिक्षकों को धमका रहा है मिडिल स्कूल की मैडम नीता ने जीतू को समझाने का प्रयास किया तो उसने उन्हें जान से मारने की धमकी दे डाली। छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि बीएलओ से मिली शिकायत के बाद वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संज्ञान लेते हुए थाना छावनी को आरोपी पकड़ने निर्देशित किया घटना की शिकायत बाद पुलिस टीम ने आरोपी जितेन्द्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है आरोपी ने वीडियो में अपना गलत पता बताया था वह सुपेला का रहने वाला है उसकी पहचान जितेन्द्र यादव पिता कमल यादव ;24 वर्षद्ध निवासी शीतला तालाब रावण भाठा के रूप में हुई है ।

### युवक ने घर में फांसी लगाई

**भिलाई, 9 दिसंबर।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र बीती रात एक व्यक्ति ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली बताया जाता है कि मृतक ने पत्नी और दो बच्चों को शनिवार को दिन में गांव भेज दिया था आत्महत्या के कारण अज्ञात है फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि घटना एचएससीएल कॉलोनी स्टेशन मरोदा निवासी नोबल साहू (40 साल ) श्रृंगार दुकान में काम करता था 3 दिन से काम पर नहीं जा रहा था। घर में शराब पीकर पत्नी से विवाद किया इसके बाद शनिवार को पत्नी और दो बच्चों को गांव भेज दिया इसके बाद रात में घर में फांसी लगाकर आत्महत्या मृतक की पत्नी टीचर है पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### बंजारे हत्याकांड, कोई गिरफ्तारी नहीं

**भिलाई, 9 दिसंबर।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र लोकेश्वर बंजारे हत्याकांड मामले में पुलिस के हाथ खाली है पुलिस ने बताया कि सीसी कैमरे में घर अजय यादव लोकेश्वर को ले जाते हुए दिख रहा है उसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आरोपी को पकड़ने के लिए पेट्रोलिंग, थाना और क्राइम ब्रांच की टीम पकड़ने में लगी हुई है हत्या का कारण आरोपी के गिरफ्तारी के बाद ही पता चला पाएगा पुलिस ने लोकेश्वर के दोस्तों से भी पूछताछ किया लेकिन कोई खास जानकारी हासिल नहीं हो पाई है अजय नामक।

## ग्राम मचांदुर में प्रथम अग्निवीर जवान कौशल निषाद के ट्रेनिंग पश्चात गांव आने पर ग्रामवासियों ने किया शानदार स्वागत



**उतई, 9 दिसंबर।** इस अवसर पर सरपंच दिलीप साहू,उपसरपंच गजेंद्र साहू,भाजयुमों अध्यक्ष उतई मंडल प्रवीण यदु,तुकाराम साहू,भाजयुमों महामंत्री डिलेश साहू,ने उन्हें बधाई देते कहा यह हमारे गांव के लिए गौरव की बात है मां भारती के सेवा के लिए प्रत्येक नव युवा इनसे प्रेरित हो और अग्निवीर की ओर अग्रसर हो उन्होंने हाईस्कूल में हृष्ट पुनःआरंभ करने की बात कही इस अवसर पर अग्निवीर की माता पूर्व जनपद सदस्य नेहा निषाद,पिता डिलेश निषाद,तरुण साहू,गीतूराज,धर्मेंद्र साहू,नितेश साहू,खिलेंद्र साहू,यश साहू,धनराज गोस्वामी,धर्मेश साहू,जयदीप साहू,जयदीप यादव,लोकेश साहू,जितेंद्र यादव,युगलकिशोर साहू,पुकेश्वर साहू,आकाश देवांगन, अल्ताफ खान,हरीश देवांगन,मुकेश साहू,सत्येंद्र यादव,लक्की निषाद,हिमेश निषाद,ताकेश्वत साहू,तीरथ पटेल,ओमनारायण पटेल,सहित सभी ग्रामवासियों ने मिलकर अग्निवीर जवान का स्वागत किया उनका उत्साह वर्धन किया।

## पीएम आवास हितग्राहियों के खाते में प्रथम किश्त राशि आने से हर्ष



**कवर्धा, 9 दिसंबर।** कबीरधाम जिले में पीएम आवास निर्माण के लिए हजारों हितग्राही के खाते में पहली किश्त राशि आने से पीएम आवास निर्माण शुरू हो गया है । जिसके लिए सीएम विष्णु देव साय और डिप्टी सीएम विजय शर्मा के प्रति हितग्राहियों ने आभार व्यक्त करते हुए हर्ष व्यक्त किया । प्रधानमंत्री आवास गुणवत्ता युक्त ओर समय पर निर्माण हो जिसके लिए सहसपुर लोहारा सीईओ आर एस नायक हमेशा मीटिंग लेकर समीक्षा करते हुए देखे जाते है । सहसपुर लोहारा में चार हजार से ज्यादा हितग्राहियों के खाते में प्रथम किश्त राशि मिलने से खुशी की लहर दिख रही है । कलेक्टर गोपाल वर्मा के दिशा निर्देश और जिला सीईओ अजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में गुणवत्ता युक्त पीएम आवास निर्माण जारी है और हितग्राहियों में खुशी का माहौल है । सहसपुर लोहारा में सीईओ नायक के मार्गदर्शन में पीएम आवास निर्माण जारी है ।

## सुबह आयुक्त पहुंचे भेलवा तालाब,वॉक पर निकले लोगों से पूछा हाल



**भिलाई, 9 दिसंबर।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में निर्मित नेहरू नगर भेलवा तालाब का निरीक्षण करने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सुबह-सुबह पहुंच गए। वहां के लोगों से मिले एवं वहां की व्यवस्था को देखे। देखकर के उन्होंने कहा यह बहुत ही खूबसूरत तालाब है। इसको अच्छे से मेंटेन करके और खूबसूरत बनाया जा सकता है। वहां पर सुबह-सुबह टहलने वाले लोगों से बात की, उन्हीं के साथ जाकर हर एक क्षेत्र का निरीक्षण किया । रोज सुबह टहलने वाले वाले इंडस्ट्रियलिस्ट सुभाष गुलाटी ने कहा कहा अभी सफाई तो रोज हो रही है, झाड़ू लग रहा है लेकिन मेंटेनेंस, लाइट, तालाब के किनारे की दिवाली गिर गई है उसे बनाने की जरूरत है। शैलेंद्र सिंह परिहार ने बैठने के लिए कुर्सी लगवाने की बात की डॉ ललित पोपट ने कहा एक हाई मास्क लाइट लगा दिया जाए जिससे प्रकाश हो जाएगा असामाजिक तत्व नहीं आ पाएंगे। आयुक्त ने सभी के सुझाव को ध्यान से सुनकर के जोन कमिश्नर अजय सिंह राजपूत को प्रस्ताव बनाने को कहा। शीघ्रातिशीघ्र प्रस्ताव बनवाने को कहा। तालाब के बीच में फव्वारा लगाने का भी सुझाव आया जिससे पानी रीसायकल होते रहे। उद्यान को खुलने और बंद करने का टाइम टेबल सेट करने के लिए, निर्धारित समय पर तालाब खुले और निर्धारित समय पर बंद हो। सबके सहयोग से हम इस तालाब को और सुंदर बनाएंगे इसको देखकर के मुझे खुशी हुई क्या अच्छी हरियाली है गुरुद्वारा है, मंदिर है, बढ़िया सरोवर है, बस देख अच्छे से देखभाल की जरूरत है। इस अवसर पर डॉ वी के गोयल, नरेश खोसला, डॉक्टर नवीन कौरा, बसंत चौबे, तुलसी भमवानी, संजय भाटिया, प्रदीप डालमिया, सुबोध अग्रवाल, नरेश गुप्ता, जितेंद्र सिंह ने अपने सुझाव दिए। सभी की बातों को सुनकर के आयुक्त ने यथासंभव निराकरण करने को कहा। यह भी बात उठी कि शाम को पुलिस की पेट्रोलिंग हो जिससे असामाजिक तत्व पर नियंत्रण हो। कुछ लोग जानबूझकर नगर निगम के लाइट को तोड़ देते हैं। नगर निगम भिलाई के तरफ से स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## सिद्धार्थ टाउन में मना देश का प्रकृति परीक्षण अभियान



**भिलाई-3, 9 दिसंबर।** सिद्धार्थ टाउन, उमदा हाउसिंग बोर्ड रोड़ में जिला आयुष अधिकारी डॉ दिनेश चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में डॉ पूजा सिन्हा, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, भिलाई-3 ने प्रो. वैद्य राकेश कुमार के सहयोग से 18+ वर्ष के निवासियों हेतु प्रकृति परीक्षण शिविर का आयोजन किया किया गया। इस शिविर में कुल 43 व्यक्तियों का मोबाइल एप से प्रकृति परीक्षण किया गया।इस एप से आयुर्वेद विभाग द्वारा निवासियों को खान-पान, रहन-सहन की जानकारी उपलब्ध करवायी जाते रहेगी, हर व्यक्ति की प्रकृति अलग होती है, इसलिये प्रत्येक को उसकी प्रकृति के अनुसार एक जीवनशैली एप द्वारा उपलब्ध करवायी गयी । आयोजित इस शिविर में डॉ प्रशांत डांगे, अश्विनी देवदास, अशोक रावत, विजय बड़गे, राजीव वैष्णव, चन्द्रकांत यादव, अमित गुप्ता, सपना सिंह, यशोदा वैष्णव, शशि वर्मा, ममता गेडाम, एस. डी. रेड्डी, भागीरथी निर्मलकर, दिनेश सोनी सहित अन्य लोगों ने प्रमुख भूमिका निभायी।

## एनसीसी कैडेटों ने चलाया एचआईवी जागरूकता अभियान




**भिलाई, 9 दिसंबर।** कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों द्वारा सेक्टर-7 के बाजार व विभिन्न सड़कों पर एचआईवी/एड्स जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी ले0 डॉ0 हरीश कुमार कश्यप ने बताया कि इस वर्ष विश्व एड्स दिवस का थीम अपने अधिकारों को समझिये और सही रास्ता चुनिए रखा गया है। इस थीम पर ही रैली के पूर्व एनसीसी कैडेटों ने एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कैडेटों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर एचआईवी/ एड्स से बचाव व जागरुकता पर अपने विचार व्यक्त किया। उसके पश्चात एनसीसी अधिकारी द्वारा एक कैडेट द्वारा कम से कम दस परिवार को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गयी। समस्त कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी ले0 डॉ0 हरीश कुमार कश्यप द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसयूओ जयकुमार, जेयूओ भावेश, सार्जेंट उमेश कुमार, सार्जेंट विक्रम सरकार, रिशी सोनी, कैडेट पुष्पेंद्र, सोमदत्त, हंसराज, हरीश मोटघरे, उदित राज, अर्पित यादव,रोहन, राजीव, अजय कुमार, उत्तम, गोवर्धन, मुकुंद, लक्ष्मी, रोमन, भावेश कुमार सहित अड़तालीस कैडेटों ने सक्रिय योगदान दिया।

## महाकुंभ मेले में स्लीपर क्लास से प्रयागराज जाने की निशुल्क व्यवस्था




भिलाई, 9 दिसंबर। प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ मेले में शामिल हो कुंभ स्नान करने के इच्छुक वैशाली नगर के निवासियों के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एक बार फिर एक शानदार अवसर लेकर आए हैं। सेन ने कहा है कि वैशाली नगर के जो भी रहवासी कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जाना चाहते हैं उनके लिए रेलवे में स्लीपर से जाने की व्यवस्था वो करने जा रहे हैं, जो भी लोग महाकुंभ स्नान और मेले का दर्शन लाभ लेने की इच्छा रखते हैं उनके लिए एक ओर के किराये की व्यवस्था विधायक कार्यालय से होगी। मतलब यह है कि महाकुंभ तीर्थ लाभ लेने के लिए वैशाली नगर निवासियों को केवल वापसी के किराये की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। विधायक रिकेश सेन के जीरो रोड शांति नगर स्थित कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा के जो भी नागरिक गण प्रयागराज महाकुंभ में जाना चाहते हैं, उन्हें कार्यालय में पहुंच कर केवल एक ओर का रेलवे स्लीपर किराया अपने विवरण के साथ देना है ताकि उनके प्रयागराज जाने और वापसी की तिथि निश्चित कर उनका रेल्वे आरक्षण सुनिश्चित कर उन्हें यात्रा टिकट दी जा सके। विधायक कार्यालय से एक आवश्यक सूचना यह भी जान लेना इच्छुक तीर्थ यात्री के लिए जरूरी है कि अगर रेल्वे आरक्षण होने के बाद किसी कारणवश आप निश्चित तिथि पर महाकुंभ यात्रा को कैंसल करते हैं तो दूसरी तरफ का किराया जो आपने दिया था वह वापसी योग्य नहीं होगा क्योंकि आरक्षित बर्थ में ऐन वक्त पर यात्रा कैंसल करने पर टिकट किराया राशि नान रिफंडेबल होती है। इसलिए महाकुंभ मेला दर्शन और स्नान लाभ के लिए पूरी तरह योजनाबद्ध तरीके से वैशाली नगर के रहवासी अपनी यात्रा तिथि और रेलवे आरक्षण कंफर्मेशन अनुसार तय कर जितनी जल्द हो सके तिथि पूर्व विधायक कार्यालय में स्वयं का नाम पंजीकृत अवश्य कर लें ताकि कार्यालय प्रतिनिधिगण आपके कंफर्म टिकट और सकुशल यात्रा की व्यवस्था कर सकें।

## आकाशगंगा कॉम्प्लेक्स में लोहे की ग्रिल हो रही चोरी, पत्र-पेटी के नीचे दीमक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 दिसंबर।** सुपेला क्षेत्र के आकाशगंगा काम्प्लेक्स में लगी लोहे कि ग्रिलें लगातार चोरी हो रही हैं। साथ ही इस क्षेत्र के व्यवसाइयों के लिए डाक-तार विभाग द्वारा लगाए गए पत्र-पेटी कि भी हालत ख़राब है। यहाँ लगी ग्रिल भी कटी जा रही है और देखरेख के अभाव में डाक पेटी के नीचे बताते हैं कि दीमकों ने बॉबियाँ बना ली हैं। जिससे लोग इस पेटी में पत्र डालने से घबराते हैं कि कहीं उनके पत्रों को दीमकें न चट कर जाएँ। बताते हैं कि इस पेटी से हर दिन पत्र नहीं निकले जाते। सप्ताह में किसी दिन डाक निकलता है इसलिए दीमकों का खतरा बना रहता है। ज्ञात हो कि आकाशगंगा कॉम्प्लेक्स एक व्यस्ततम व्यवसाइक क्षेत्र है जहाँ इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर ज्वेलर्स एवं अन्य प्रकार के प्रतिष्ठान संचालित हैं। इसके बाद भी इस क्षेत्र पर निगम, डाक, पुलिस आदि का कोई ध्यान न होने से अव्यवस्थाएं लगातार बनी रहती हैं।



देखिये सामने, पूरा ग्रिल काटकर ले गए हैं चोर लोग। ऊपर का ग्रिल भी नहीं छोड़े। चोर लोग सक्रिय हैं और व्यापारी परेशान हैं। हम लोग तो फिर भी काम्प्लेक्स क्षेत्र के साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्था बनाने में साथ देते हैं लेकिन चोरों का क्या इलाज है ? वे लोग लालच में आकर ग्रिल काटकर ले जाते हैं और कबाड़ी को बेच देते हैं। पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ानी चाहिए। यहाँ सामने डाक-तार विभाग की पत्र-पेटी से अवकाश के दिनों को छोड़ दें तो सब दिन डाक ले जाने के व्यवस्था होनी चाहिए।

**जितेन्द्र सिंह**
**सीनियर इंजीनियर**

## जुनवानी क्षेत्र में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए अभियान



**भिलाई, 9 दिसंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 1 क्षेत्र में फाइट द बाईट अभियान चलाया गया7 वार्ड क्रमांक 1 जुनवानी क्षेत्र शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज एवं नर्सिंग भिलाई में फाइट द बाईट अभियान के तहत कॉलेज के क्लासरूम, टॉयलेट, बाथरूम एवं नालियों में डेंगू मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन टीम द्वारा जांच कर दवाई छिड़काव किया गया 7 कॉलेज के बच्चों को भी प्रेरित किया गया कि वह भी साफ-सफाई रखें अपने क्लास रूम, हॉस्टल एवं कैंपस की बच्चों को भी बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। साथ में समझाइश दी गई कि बाहर का खाना बंद करें, फास्ट फूड, दुकानों का जंक फूड शरीर के नुकसानदायक होता है। ताजा खाना ही शरीर के लिए फायदेमंद है। हम सब मिलकर स्वच्छता बनाए रखेंगे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किए हैं कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु लगातार अभियान चलाया जाए7 स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार निगम के अलग-अलग वार्डों में जाकर बीमारियों की रोकथाम हेतु जांच कर रही है7 जहां पर भी गंदगी पाई जा रही है उसकी जांच कर मैलाथियांन, टेमीफस, जला आइल का छिड़काव कर रही है ओर नालियों मे भी स्प्रे के माध्यम से दवाई डाल रही है। अभियान के दौरान वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के के सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, वीरेंद्र बंजारे, हेमंत मांझी, सुदामा परगनिया, गोपी साहू, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, संतोष हरमुख आदि उपस्थित रहे।

## प्रयागराज महाकुंभ को हरित बनाने आरएसएस चला रहा व्यापक अभियान



**भिलाई, 9 दिसंबर।** तीर्थों में श्रेष्ठ तीर्थ आगामी प्रयागराज के पवित्र महाकुंभ को पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से हरित कुंभ बनाने के लिए श्रीनिवास खेडिया ने 100 थैला और 100 थाली का दान किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें संपूर्ण भारत से थैला और थाली दान के रूप में एकत्रित कर प्रयागराज कुम्भ मेला समिति को भेजे जा रहे हैं। यह थैला तीर्थयात्रियों को प्लास्टिक का सामान चिप्स के पैकेट बिस्कुट और पानी की बोतल आदि सामान रखने के लिए और स्टील की खंड वाली थालियां कुंभ मेले में भोजन व्यवस्था में उपयोग करने हेतु प्रदान की जा रही है, जिससे 75 देशों से आने वाले लगभग 40 करोड़ आगंतुक, भोजन व्यवस्था में केवल स्टील की थाली को उपयोग में लेंगे और किसी प्रकार का डिस्पोजेबल प्लेट दोना पत्तल का उपयोग नहीं करेंगे, जिससे लगभग 40000 टन होने वाले कचरे में से 20000 कचरे को कम किया जा सके। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला दुर्ग द्वारा 10 दिसंबर 2024 तक समाज द्वारा दिए गए दान को कुंभ समिति को भेज भेज दिया जायेगा जिससे कुंभ मेला समिति और कुंभ मे होने वाली भोजन व्यवस्था हेतु इसे वितरण किया जा सके। समाज में उपस्थित सामाजिक धार्मिक संगठन एवं सेवा भाव से सहयोग करने वाले व्यक्ति संघ की शाखाओं के माध्यम से इस अभियान में भाग ले सकते हैं। इस अभियान में अनुज नारद पर्यावरण गतिविधि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भिलाई नगर के कार्यवाह दीनबंधु एवं अंजनी कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे।

# सोसाइटियों में फटे बारदाने, धान तौलाई में जमकर कांटा मारी

## विधायक दलेश्वर साहू और जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू का संयुक्त दौरा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 9 दिसंबर।** राज्य सरकार द्वारा सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन दर पर धान खरीदी व्यवस्था में लगातार आ रही शिकायतों को कांग्रेस ने संज्ञान में लिया है। किसानों को लगातार हो रही तकलीफ को समझते हुए पार्टी आलाकमान ने पार्टी के नेताओं को सोसाइटियों और उनके उपार्जन केदो का दौरा करने का निर्देश दिया है। इसी कड़ी में डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू और जिला किसान कांग्रेस के मदन साहू ने विकास खंड के तुमबड़ीबोड़ और राजनंदगांव ब्लॉक के मोहारा का संयुक्त रूप से दौरा किया। इस दौरान उन्होंने तरह-तरह के व्यवस्था में कई खामियां पाई पहले तो किसानों को फटा पुराना बारदान थमाया जा रहा है। दूसरा यह की धान में जमकर कांटा मारी की जा रही है। किसानों का धान ज्यादा तौलाई जा रहा है। हर तौल में दो-दो किलो तक की कांटा मारी हो रही है। उपार्जन केदो में धान का उठाव बहुत कमजोर है। किसानों को 3100 रुपये के बजाय एक मुस्त देने के बजाय 2300 रुपये ही उनके खातों में डाला जा रहा है। और वही सोसाइटियों में फटे पुराने बारदाने दिया गया है। जो सोसाइटीयों में जाम पड़ी है। जिसकी शिकायत लगातार समिति प्रबंधक कर रहे हैं लेकिन उन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जो की सरासर छलावा है।

श्री दलेश्वर साहू व श्री मदन साहू द्वय नेता ने समवेत तौर पर कहां कि वैसे तो जिले के अधिकतर सेवा सहकारी समितियां एवं उनके उपार्जन केंद्रों में अवस्था दुर्व्यवस्था का आलम है। जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन तुमबड़ीबोड़ और मोहारा सोसाइटी का संयुक्त रूप से दौरा किया तो पता चला है। कि यहां इतनी ज्यादा अव्यवस्था दुर्व्यवस्था है कि यह दोनों सोसाइटी कभी भी बंद हो सकती है। उन्होंने कहा कि पिछले पंचवर्षीय में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नीत कांग्रेस की सरकार थी। तब जिले सहित पूरे प्रदेश में किसानों को सोसाइटी में समर्थन दर पर धान बेचते कोई तकलीफ नहीं होती थी। उस समय टोकन समय पर मिल जाता था। उस समय धान समय पर बिकता था। वरदानों की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था थी। परिवहन भी बराबर हो रहा था। बफर लिमिट की समस्या परिवहन बढ़ाकर हल कर लिया जाता था। किसानों को घूम घूम कर पानी पिलाने वाले भी हुआ करते थे। अस्थाई प्रसाधनकक्षों की व्यवस्था सहकारी समितियां में हुआ करती थी लेकिन अब देखा जा रहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार में किसानों को सेवा सहकारी समितियां उनके उपार्जन केंद्रों में धान बेचने के लिए काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है।।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार किसान हितैषी नहीं है। यदि किसान हितैषी होती तो 1 नवंबर को धान खरीदी शुरू करती लेकिन दो हफ्ता लेट करके शुरू की गई। इससे किसानों को कोचिंयो के पास और मंडी तक में अवने पौने दाम में धाम बेचकर दिवाली माननी पड़ी है। मजदूरों की मजबूरी देने छोटे-मोटे दुकानों में भी उन्हे धान बेचने की मजबूरी हुई यही धान अगर सोसाइटी में बिका होता तो किसानों को बड़ा घाटा सहना नहीं पड़ता दूसरा यह है कि किसानों को टोकन लेने के लिए भटकाया जा रहा है। ऑनलाइन और ऑफलाइन का चक्कर चलाकर सर्वर डाउन की समस्या बताई जा रही है। कुल मिलाकर राज्य सरकार की मानसिकता किसानों से समर्थन दर पर धान लेने की नहीं है। बल्कि इसे वह वादा निभाने की मजबूरी समझ रही है। शासन के अधीन सहकारिता और विपणन संघ के माध्यम से यह व्यवस्था होती है। लेकिन देखा जाए तो दोनों में सामंजस्य का अभाव है। सोसाइटी में बारदाने की कमी है आध बारदाना किसानों से लेकर आने कहा जा रहा है। तीसरी बात यह है कि किसानों से खरीदे गए धान का जाम सोसाइटी के उपार्जन केदो में लग रहा है। जिला विपणन संघ द्वारा उचित परिवहन नहीं किए जाने से सोसाइटियों में और किसानों से धान लेने के बाद उन्हें जमा कर रखने के लिए जगह की कमी पड़ रही है। अगर परिवहन करके कस्टम मीनिंग के तहत राइस मिलर को तथा संग्रहण केदो में धान का परिवहन किया जाता तो सोसाइटी में जाम की स्थिति नहीं बनती कुल मिलाकर या सरकार किसान हितैषी कतई नहीं है। भाजपा के नेता बोलते कुछ हैं और करते कुछ हैं धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्था सुधारने इस उद्देश्य से कांग्रेस ने बड़ी चिंता की है। इस दौरान मुख्य रूप से महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, किसान नेता गुलाब वर्मा, रमेश डाकलिया, आसिफ अली, डोंगरगांव ब्लॉक के अध्यक्ष चेतन साहू, गणेश साहू, पुरुषोत्तम वर्मा, किसान कांग्रेस के चुंमन साहू, जनपद पंचायत डोंगरगांव के अध्यक्ष टिकेश साहू, अमित चंद्रवंशी, सूर्यकांत जैन सहित कांग्रेस जन व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## एक नजर

### महाकाल चौक का लोकार्पण करेंगी महापौर हेमा देशमुख



**राजनांदगांव 9 दिसंबर।** जिला सहित शहरवासियों एवं महाकाल भक्त की विशेष मांग एवं महाकाल सेवा की मांग के आधार पर महापौर परिषद एवं सामान्य सभा में पास कर सभी पार्षदों की सहमति से मानव मंदिर चौक का नाम महाकाल चौक कर दिया गया है जिसका विधि महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख लोकार्पण (उद्घाटन) करेंगी। महाकाल चौक के नामकरण को लेकर शहर के महाकाल भक्तों में अपार उत्साह है। राजनांदगांव शहर के हृदय स्थल मानव मंदिर चौक का नाम अब बदल जाएगा महापौर हेमा सुदेश देशमुख के अथक प्रयासों से एमआईसी के बाद पिछली निगम की सामान्य सभा में इस चौक का नामकरण महाकाल चौक कर दिया गया है जिसका कल शाम 6 बजे महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं चेयरमैन,पार्षदों, शहर के गणमान्य नागरिकों एवं महाकाल भक्तों के साथ विधिवत लोकार्पण किया जाएगा। महापौर ने शहर के समस्त महाकाल सेवा समिति एवं महाकाल भक्तों तथा नागरिकों से उपस्थिति की अपील की है।

### प्रदेश में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू होगी मुख्यमंत्री अन्नकोष योजना

**रायपुर, 9 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 09 दिसम्बर को चिरमिरी और अंबिकापुर के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय चिरमिरी में जिला चिकित्सालय का लोकार्पण करने के साथ ही मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिले में 549 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय अंबिकापुर के पी.जी कॉलेज ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम में 495 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करने के साथ ही सरगुजा जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मुख्यमंत्री अन्नकोष योजना का शुभारंभ करेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड से हेलीकॉप्टर से 11 बजे रवाना होकर दोपहर 12 बजे चिरमिरी पहुंचेंगे और वहां जिला चिकित्सालय का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12.25 बजे से लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम चिरमिरी में आयोजित कार्यक्रम में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री इसके पश्चात अंबिकापुर जाएंगे और वहां पीजी कॉलेज में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री अपरान्ह 3.50 बजे से माता राजमोहनी देवी ऑडिटोरियम अंबिकापुर में छत्तीसगढ़ कोलता समाज के संभाग स्तरीय सम्मेलन में भाग लेने के पश्चात शाम 5.30 बजे रायपुर लौट आएंगे।

### सामाजिक बुराइयों को दूर करना हम सब की जिम्मेदार: अरुण साव

**रायपुर. 9 दिसंबर।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज बलौदाबाजार में जिला साहू संघ द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन और सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान झिरिया साहू समाज के नवनिर्मित छात्रावास का लोकार्पण किया। उन्होंने साहू स्मारिका, तेली दिवस पुस्तक एवं पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री पवन साहू द्वारा तैयार कैलेंडर का विमोचन भी किया। श्री साव ने साहू छात्रावास में मंच निर्माण और पेवर ब्लॉक के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। भाटापारा के विधायक श्री इंद्र साव और कसडोल के विधायक श्री संदीप साहू भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने युवक-युवती परिचय सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज मेहनतकश समाज है। साहू समाज के लोग ईमानदारी और मेहनत के लिए जाने जाते हैं। इसी की बदौलत आज साहू समाज हर क्षेत्र में अपना विशिष्ट योगदान दे रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में साहू समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को शॉल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि अपनी संस्कृति को सहेजते हुए आधुनिकता की ओर समाज को लेकर जाना है। इसके लिए सामाजिक बुराईयों और कुप्रथाओं को दूर करते हुए शिक्षा पर जोर देने की ज़रूरत है। शिक्षित समाज से ही एक सशक्त राज्य और राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। युवक-युवती परिचय सम्मलेन साहू समाज की प्रशंसनीय पहल है। कार्यक्रम को विधायक श्री इंद्र साव और श्री संदीप साहू ने भी संबोधित किया। प्रदेश साहू समाज के अध्यक्ष श्री टहल सिंह साहू और बलौदाबाजार जिला साहू समाज के अध्यक्ष श्री सुनील साहू सहित अनेक सामाजिक पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और जिला प्रशासन के अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

### स्वास्थ्य कर्मियों के लिए बनेंगे आवास, बेहतर होंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

**कोरबा 9 दिसंबर।** जिले में सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों को जल्दी ही उनके कार्यस्थल के आसपास आवास उपलब्ध हो पायेगा। सुदूरवर्ती क्षेत्रों के अस्पतालों में वे समय पर उपस्थित हो पायेंगे और मरीजों को समय पर बेहतर उपचार कर पायेंगे। जिला प्रशासन द्वारा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाया है। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवास बनाने की स्वीकृति प्रदान की है। पहले चरण में कुल 18 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवास निर्माण किया जाएगा। इसके लिए लगभग नौ करोड़ की राशि का स्टीमेट तैयार किया गया है। आवास बनने के पश्चात दूरस्थ क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डयूटी कर रहे चिकित्सकीय कर्मियों को आवास की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। जिले में संचालित पीएचसी में आवास की व्यवस्था होने से चिकित्सकीय कर्मचारियों को काफी राहत मिलेगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केद्र लाफा, सपलवा, कोरबी, सिरमिना, लालपुर और माचाडोली, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भैसमा कुदमुरा, तिलकेजा, कोरकोमा, करतला ब्लॉक के चिकनीपाली, सरगबुंदिया, कटघोरा ब्लॉक के चाकाबुड़ा, पाली विकासखण्ड के चैतमा, पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र के तुमान, कटोरीनगोई, पिपरिया, महोरा में आवास का निर्माण जिला खनिज संस्थान न्यास के माध्यम से किया जाएगा।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज संस्था अपनी मेहनत से समाज को संस्कारी और सेवाभावी बनाने का कर रही कार्य: मुख्यमंत्री

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 9 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज राजनांदगांव में नवनिर्मित ब्रह्माकुमारीज ज्ञान मानसरोवर भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव में नवनिर्मित ब्रह्माकुमारीज ज्ञान मानसरोवर भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथि द्वय ने केक भी काटा। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने राजनांदगांव की आवश्यकता के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राजनांदगांव में भव्य ज्ञान मानसरोवर भवन का शुभारंभ किया गया है। निश्चित रूप से इस क्षेत्र के लोगों को हर दृष्टिकोण से आध्यात्म के क्षेत्र में लाभ होगा। उन्होंने सभी को इसके लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज परिवार के कार्यक्रम में जाने में बहुत अच्छी अनुभूति होती है। उन्होंने बताया कि वे माउंटआबू भी चार बार जा चुके हैं। ब्रह्माकुमारीज परिवार की बहनें जब राखी बांधती हैं, तो गौरव की अनुभूति और खुशी होती है, इसके लिए उन्होंने बहनों को धन्यवाद दिया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज संस्था अपनी मेहनत से समाज को संस्कारी और सेवाभावी बनाने का कार्य कर रहे है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्तमान में बहुत भागदौड़ वाला समय है, ऐसे में लोगों को तनाव होना भी स्वभाविक है, ये तनाव केवल परेशान ही नहीं करते बल्कि शारीरिक, मानसिक रूप से भी मनुष्य को कमजोर कर करते है और हर क्षेत्र में मनुष्य कमजोर हो जाता है। इसलिए वह आत्मविश्वास के साथ कार्य करने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाता है। ऐसे समय में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा राज मार्ग, राजयोग का ध्यान बताया गया है, जिससे निश्चित रूप से लाभ मिलता है। अब ध्यान को वैज्ञानिक भी मानने लगे हैं।

## टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में शामिल हुए भोजवानी साहू

**छुरिया 9 दिसंबर।** नगर पंचायत छुरिया में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच मनोज इलेवन (छुरिया) व कवर्धा के मध्य खेला गया, जिसमें बहुत अच्छा खेल का प्रदर्शन करते हुए मनोज इलेवन छुरिया की टीम ने विजय हासिल की और कवर्धा की टीम को उप विजेता का खिताब मिला।विजेता टीम मनोज इलेवन को चालीस हजार रूपये एवं ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम कवर्धा को बीस हजार रूपये एवं ट्रॉफी दिया गया।क्रिकेट स्पर्धा के समापन समारोह में समाजसेवी भोजवानी साहू बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।भोजवानी साहू ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए विजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।और भोजवानी साहू ने कहा जीवन जिने के लिए खेल अनिवार्य है जिससे शरीर की स्फूर्ति बनी रहती है।



## समाचार संक्षेप

### ब्लॉक स्तरीय खेल के आयोजन में पहुँचे विजय वर्मा





**खैरागढ़ 9 दिसंबर।** छुईखदान ब्लॉक के तहत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खैरबना में ब्लाक स्तरीय शालेय खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। शुभारंभ के मौके पर जिला पंचायत प्रतिनिधि विजय वर्मा, मोतीलाल जंघेल, अशोक जंघेल, सरपंच ललित जंघेल, गेंदलाल जंघेल, मनहरण जंघेल, धनेश सहित अन्य मौजूद थे। अतिथियों ने मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर खेल का शुभारंभ किया। ततपश्चात विजय वर्मा ने विभिन्न संकुलों के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए खेल आवश्यक है। हर छात्र में किसी एक खेल का हुनर होता है। ऐसी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए स्पर्धा सबसे अच्छा मौका होता है। श्री वर्मा ने खिलाड़ियों से कहा कि हारने पर निराश नही होना चाहिए बल्कि निरन्तर प्रयास करते रहना चाहिए।जिससे आने वाले समय में लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी। मोतीलाल जंघेल ने खिलाड़ियों को जीत हार की चिंता न करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने प्रेरित किया।

### एकल अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा तथा समर्पण भाव से किए जा रहे कार्य: मुख्यमंत्री



**राजनांदगांव 9 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज खेल मैदान गायत्री विद्यापीठ स्कूल राजनांदगांव में एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब संभाग स्तरीय खेलकूद के समापन समारोह में शिरकत की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गायत्री विद्यापीठ स्कूल के खेल मैदान के सौंदर्यीकरण के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे स्कूली बच्चों, विजेता प्रतिभागियों एवं एकल अभियान परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में एक पक्ष जीतता है, तो दूसरा पक्ष हारता नहीं है, बल्कि दूसरे पायदान पर आ जाता है। उन्होंने सभी खिलाडियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की यह प्रेरणा कि ऐसे बच्चे जो विद्यालय जाने में असमर्थ हैं, तो विद्यालय को वहां पहुंचना होगा कि भावना के साथ संस्थान द्वारा कार्य किया जा रहा है। आदिवासी बच्चों को ग्रामीण क्षेत्रों में एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के माध्यम से बहुत लाभ मिल रहा है। देश में 35 वर्षों से यह संस्थान कार्य कर रहा है तथा देश भर में एक लाख से अधिक विद्यालय गांव में चल रहे हैं तथा छत्तीसगढ़ में लगभग 4500 विद्यालय संचालित हैं। संस्थान द्वारा सेवाभावी तथा समर्पण भाव से किए जा रहे कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि 13 दिसम्बर को शासन के एक वर्ष पूर्ण हो जाएंगे। शासन द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पूरा करने तथा सुशासन स्थापित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। एक वर्ष में मोदी की गारंटी से जनादेश मिला है, उसे पूरा करने के लिए कृषक उन्नति योजना के तहत 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। लगभग 14 लाख किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस 3716 करोड़ रूपए की राशि प्रदान की गई।



**राजनांदगांव 9 दिसंबर।** हेलीपेड स्थल पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि तथा आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, एसपी श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन एव अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन कर रहे मनमानी: योगेन्द्र वैष्णव

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 9 दिसंबर।** संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी योगेन्द्र दास वैष्णव ने जिला प्रशासन को आइना दिखाते हुए कहा कि एक ही व्यक्ति को तीन-तीन पदों पर किस हैसियत से प्रभार दिया गया है यह समझ से परे है। भाजपाराज में भ्रष्टाचार किस तरह परवान चढ़ा है इसका जीता-जागत नमूना डॉ बलदेव प्रसाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर में पदस्थ व्यायाम शिक्षक देवेंद्र सिंह ठाकुर का है। जो शासन-प्रशासन के आंख के नीचे हो रहा है। देवेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा मनमानी तरीके से तीन-तीन प्रभार के साथ राजनीतिक लाभ उठाते हुए वर्तमान में अपने स्कूल डा.बल्देव प्रसाद मिश्र में व्यायाम शिक्षक के साथ-साथ जिला कीड़ा अधिकारी के पद व दिग्विजय स्टेडियम मैनेजर के पद पर काबिज होने जा रहा है। वह भी अनुचित तरीके जिला जिला क्रीड़ा अधिकारी के पद पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल के द्वारा गलत तरीके श्री मनमानी करते हुए वरिष्ठता के आधार को धज्जी उड़ते हुए श्री देवेंद्र सिंह ठाकुर को जिला कीड़ा अधिकारी के पद पर बना दिया गया। अब इसी तरह राजनीतिक पावर का उपयोग करते हुए श्री देवेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा जो दिग्विजय स्टेडियम समिति के मैनेजर (प्रबंधक) रणविजय प्रताप सिंह वर्तमान में फरवरी में रिटायर होने जा रहे हैं। उनके स्थान पर दिग्विजय स्टेडियम मैनेजर के पद पर भी काबिज होने जा रहे हैं। स्टेडियम समिति के प्रभारी अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा अपर कलेक्टर द्वारा राजनीति के दबाव यह



कमीशन खोरी के कारणश्री देवेंद्र सिंह ठाकुर को सहायक मैनेजर प्रबंधक के पद पर प्रभार सौंप दिया गया है। जिससे व्यायाम शिक्षकों में बहुत नाराजगी देखी जा रही है क्योंकि राजनांदगांव जिले में 70 व्यायाम शिक्षक हैं। और राजनंदगांव ब्लॉक में 30 व्यायामशिक्षक हैं। परंतु एक ही व्यक्ति को तीन-तीन पद एवं प्रभार सौंपा जाना जिला शिक्षा अधिकारी व जिला प्रशासन की घोर लापरवाहीया राजनीतिक पावर का गलत उपयोग कहा जा सकता है। डॉक्टर बलदेव प्रसाद मिश्र में बच्चों खेल से वंचित हो रहे हैं क्योंकि श्री देवेंद्र सिंह ठाकुरद्वारा जिले के प्रभार प्राप्त करने के बाद स्कूल की तरफ ध्यान नहीं है और वहां से कार्य मुक्ति भी नहीं हुए हैं यदि कार्य मुक्त होते तो एक और पीटीआई को वहां मौका मिलता और स्कूल संभालते और बच्चों को खेल का मौका मिलता लेकिन ऐसा नहीं है।

# सिक्ख प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में जीकेएस रायपुर 3 विकेट से जीता




**रायपुर 9 दिसंबर।** रविवार को 16 वीं सिक्ख प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत खेला गया पहला मैच जीकेएस रायपुर की टीम ने शहीद जसजीत इलेवन कश्मीर को 3 विकेट से पराजित कर जीत लिया। जीकेएस के अर्जुनसिंग को 3 विकेट लेने व 18 रन बनाने के कारण प्लेयर आफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में शहीद भाई तारु सिंग फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने 93 रन के विशाल अंतर से सिंग इलेवन पलपोरा कश्मीर को हराया। इस टीम के किवनूर सिंग छाबड़ा को मैन आफ द मैच का पुरस्कार अतिथियों ने प्रदान किया। आज के मैच के अतिथि थे गुरप्रीत सिंग बांभरा, प्रभजोत सिंग सोनी (चण्डीगढ़), लखविंदर सिंह लकी, बलराजसिंग व हरविंदर सिंग।

पहले बल्लेबाजी करते हुए शहीद जसजीत इलेवन कश्मीर की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 156 रन बनाए। गगनजीत सिंग व गगनदीप ने 35-35 रन बनाये। 22 रन बनाकर मनदीप नाट आउट रहे। जीकेएस की ओर से अर्जुनसिंग ने 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। हरजीत व विक्रम ने 2-2 विकेट लिए। जीकेएस रायपुर की टीम ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए जीत का लक्ष्य 15.5 ओवर में ही 158 रन बनाकर पा लिया। उन्होने 7 विकेट ही गंवाए। सर्वाधिक 45 रन (27 गेंद) बनाने वाले परविंदर सिंग नाट आउट रहे। कश्मीर की ओर से गुरदीप व भूपिंदर ने 3-3 विकेट लिए।

## जनपद पंचायत के सामुदायिक भवन में किया गया आयोजन

# ब्राह्मण सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष, महासचिव हुए शामिल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 9 दिसंबर।** जनपद पंचायत के सामुदायिक भवन में सर्व ब्राह्मण सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा राष्ट्रीय महासचिव सर्व ब्राह्मण समाज शशिकांत तिवारी , सुमित शर्मा विक्रांत शर्मा मौलेश तिवारी पोषण शुक्ला, लव मिश्रा , श्रीमती कनक दत्ता दुबे , श्रीमती विजेता शर्मा , श्रीमती अर्चना बाजपेयी , विनोद तिवारी ,गोपाल तिवारी ,दौवा प्रसाद तिवारी , रुखम प्रसाद दुबे , श्रीमती पूनम सुरेश शर्मा, पवन तिवारी ,लखन प्रसाद मिश्रा , मिथलेश दुबे ,आदि अतिथि इस सम्मेलन में आगमन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने शनैश्वर धाम एंव मां दन्तेश्वरी मंदिर विधि विधान वैदिक मंत्रों के साथ पूजन अर्चना पश्चात बाजेगाजे के साथ ब्राह्मण समाज ने अतिथियों को कार्यक्रम स्थल तक भव्य स्वागत के साथ लाया गया गया , कार्यक्रम की शुरुरंभ परशुराम जी के तैल चित्र में पूजा-अर्चना माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित के पश्चात अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया , छुरिया ब्लाक सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष टीकम प्रसाद पांडेय ने अतिथियों स्वागत किया पांडेय ने सर्व ब्राह्मण समाज के गठन समाज के उत्थान में किये कार्य विवरण प्रस्तुत किया , प्रकाश शर्मा ओजस्वी संबोधन समाज एकसूत्र में पिरोना समाज को संगठित करना समाज द्वारा किए जा रहे रचनात्मक कार्य की जानकारी दी

समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने समाज में अंतर्जातीय विवाह रोकने पर बल दिया ।बेटा और बेटी की शादी समाज में ही होना चाहिए। सशक्त सामाजिक संगठन हमारी अनिवार्य आवश्यकता है। इसके लिए हर घर का एक सदस्य समाज में जोड़े। युवाओं और महिलाओं की संख्या समाज में बढ़ाएं। श्री मिश्रा ने सम्मेलन की सफलता पर राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी तथा परिक्षेत्र के पदाधिकारियों को बधाई दी।सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी ने उद्बोधन में कहा कि ब्राह्मण समाज को एकजुट होना बहुत जरूरी है क्योंकि ब्राह्मण जब मजबूत होगा तो देश और राज्य मजबूत होगा संस्कृति और सभ्यता की शिक्षा देने वाले ब्राह्मणों ने स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान रहा है ब्राह्मण समाज ईश्वर से सदैव अपने कल्याण की छोड़ विश्व की कल्याण की बात करता है वह किसी जाति धर्म का विरोध नहीं करता लेकिन समय आने पर शास्त्र के साथ शस्त्र भी उठा सकता है आरक्षण पर अपनी बात रखते हुए कहा आर्थिक आधार पर आरक्षण करना चाहिए क्योंकि गरीबी जाति देखकर नहीं आती अगर राज्य सरकार अति शीघ्र 10त्त द्र2ह्य लागू नहीं करेगी प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा केंद्र सरकार द्वारा ईडब्ल्यूएस लागू किया गया इसके लिए समाज उनका आभार व्यक्त करता है किंतु प्रदेश में इसे लागू नहीं किया जा रहा।

संपादकीय


# ममता तो अब खुलकर सामने आ गई हैं

राजनीतिक दल हो या राजनीतिक दलों का गठबंधन वह अपने नेता को तब पसंद करता है जब जीत के रास्ते पर पार्टी व गठबंधन को ले जाता है। वह अपने नेता को तब तो बिलकुल पसंद नहीं करता है जो खुद हारता है और उसके गठबंधन के दलों को भी हार का सामना करना पड़ता है। राहुल गांधी कांग्रेस का नेतृत्व तो ठीक से कर नहीं पा रहे है, उसे चुनाव में जिता नहीं पा रहे है, उस पर वह इंडी गठबंधन के लिए अच्छे नेता तो साबित नहीं हुए हैं। राहुल गांधी के बारे में बताया जाता है कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस व गठबंधन कई चुनाव हार चुका है, इसकी संख्या 80 से ऊपर बताई जाती है। कांग्रेस की मजबूरी तो समझ में आती है कि वह गांधी परिवार के हैं, इसलिए कोई कांग्रेस नेता चाहे भी उनको कुछ नहीं कह सकता। वह सारे फैसले करते है, लेकिन किसी पद पर नहीं है, इसलिए वह न तो खुद को कांग्रेस की हार के लिए दोषी मानते हैं न ही किसी कांग्रेस नेता में हिम्मत है कि कहे कि चुनाव में हार के लिए राहुल गांधी दोषी है। कड़वी सच्चाई है कि हारने वाले नेता के साथ कोई खड़ा नहीं होता, सब जीतने वाले के साथ खड़े होते हैं और जीत की खुशी मनाना चाहते हैं। एक हार के बाद भी नेता चुनाव जीते को समझ में आता है कि एक चुनाव हारना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन चुनाव के बाद चुनाव हारना और बुरी तरह हारना बहुत बड़ी बात होती है और राजनीतिक दल भले किसी मजबूरी में अपने हारे हुए नेता को न बदले लेकिन गठबंधन में तो नेता बदलने की मांग शुरू हो जाती है और मांग शुरू हो गई है तो इसका मतलब है कि अब गठबधन के कई दल चाहते हैं कि हारने वाले नेता को बदल दिया जाए, गठबंधन का नेतृत्व करने वाले नेता को ठीक से गठबंधन का नेतृत्व न करने के कारण बदल दिया जाए। इंडी गठबंधन में और किसी नेता में हिम्मत नहीं हुई कि वह राहुल गांधी के नेतृत्व के खिलाफ बोले लेकिन ममता बनर्जी ने पहले अपनी पार्टी के सदस्य की तरफ कहलवाया कि इंडी गंठबंधन का नेतृत्व तो ममता करना चाहिए क्योंकि ममता ही मोदी को हरा सकती है, मोदी को टक्कर दे सकती है। बंगाल में उन्होंने ऐसा करके दिखाया है, इसलिए वह राष्ट्रीय स्तर पर भी ऐसा कर सकती हैं। इसके बाद कुछ दलों के नेताओं ने राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवालिया निशान लगाया कि वह न तो संसद के भीतर गठबंधन का नेतृत्व कर पा रहे हैं न संसद के बाहर इससे गठबंधन के दलों को नुकसान हो रहा है। इसके बाद तो ममता खुलकर सामने आ गई और उन्होंने कहा कि वह गठबंधन का नेतृत्व करना चाहती है, इधर ममता ने नेतृत्व की इच्छा जाहिर की उधर उध्दव ठाकरे की पार्टी की तरफ से और सपा की तरफ से उसका समर्थन कर दिया गया। संजय राउत की तरफ से कहा गया कि हम चाहते हैं कि ममता बैनर्जी गठबंधन की भागीदार बने, हम जल्द उनसे बात करने कोलकाता जाएंगे। वहीं सपा की तरफ से उदयवीर सिंह ने कहा है कि ममता बैनर्जी की बात पर विचार हो,सहमति बनी तो हम समर्थन करेंगे। राहुल गांधी के खिलाफ नाराजगी तो गठबंधन में हरियाणा चुनाव में हार के बाद से बढ़ गई थी क्योंकि उसने यहां सपा व आप के सहयोग से चुनाव लड़ने की जगह अकेले चुनाव लड़ा और खुद भी बुरी तरह हारी और आप को अकेले चुनाव लड़ने के कारण बुरी हार का सामना करना पड़ा। हरियाणा में हार के बाद ही आप ने कह दिया था कि वह दिल्ली में अकेले चुनाव लड़ेगी, कांग्रेस से कोई गठंबधन नहीं करेगी। महाराष्ट्र में हरियाणा से बुरी हार ने फिर कांग्रेस व राहुल गांधी की चुनाव जीतने व जिताने की क्षमता पर सवालिया निशान लगा दिया। इससे उध्दव ठाकरे को बहुत नुकसान हुआ है और वह एमवीए गठबंधन आने वाले दिनों में छोड़ने की घोषणा कर सकते है, यानी महाराष्ट्र में वह कांग्रेस के साथ नहीं रहना चाहते है। चुनाव में हार से तो राहुल गांधी के प्रति गठबंधन के दलों में नाराजगी थी है, संसद के भीतर गठबधन का ठीक नेतृत्व न करने के कारण यह नाराजगी और बढ़ी तथा टीएमसी व सपा को खुलकर सामने आकर कहना पड़ा, राहुलगांधी अडानी को ही बड़ा मुद्दा समझते हैं, वह उसी को संसंद के भीतर व बाहर जोर शोर से उठाते है, वह गठबंधन के दलों के राज्य के मुद्दे की तरफ ध्यान नहीं देते हैं, इससे गठबंधन के दलों को राज्यों में नुकसान होता है। राहुल गांधी नाराजगी को समझ नहीं पाए तो राहुल गांधी के अडानी को लेकर प्रदर्शन में शामिल न होकर टीएमसी व सपा ने अपनी नाराजगी का इजहार किया। तब जाकर राहुल गांधी को यह समझ में आया कि संभल का मुद्दा उठाना भी जरूरी है। उन्होंने एक दिन संभल जाने की घोषणा यह जानते हुए भी की वह जा नहीं सकेंगे। मुसलमान वोट बैंक को लेकर यूपी में कांग्रेस व सपा के बीच होड़ लगी हुई है और उपचुनाव में हार से सपा को राजनीतिक नुकसान हुआ है, क्योंकि उन्होंने लोकसंभा चुनाव में ज्यादा सीटें जीतकर सपा के मजबूत होने का दावा किया था, उस दावे की हवा सात सीटों पर हार से निकल गई है। योगी फिर से सपा को हराने वाले नेता के रूप में जाने जा रहे हैं। यही बात अखिलेश को बहुत बुरी लग रही है कि छह महीने में ही सपा का दबदबा यूपी में समाप्त हो गया है। वह इसके लिए कांग्रेस को भी दोषी मानते हैं कि वह गठबंधन के तौर पर यूपी के मुद्दे ठीक से उठाती नहीं और उसका खामियाजा सपा को यूपी में भुगतना पड़ता है। माना जाता है कि अडानी के मुद्दे से कांग्रेस को कोई राजनीतिक फायदा न राष्ट्रीय स्तर पर हुआ और नही राज्य के स्तर पर हुआ इसके बाद भी राहुलगांधी इसी मुद्दे को सबसे ज्यादा उठाते हैं, इसे गठबंधन के कई दल पसंद नहीं कर रहे है, आनेवाले दिनों में राहुल गांधी की इस राजनीतिक भूल का खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा। हो सकता है कि गठबंधन में अकेली पड़ जाए और बाकी दल एक तरफ हो जाएं।

स्वास्थ्य

तनवीर जाफरी

# दावों और हकीकत के बीच भ्रमित समाज



बावजूद इसके कि मेडिकल साइंस काफी तरक़्क़ी कर चुकी है और नित्य होने वाले अनुसंधानों ने लगभग सभी रोगों के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम भी दिये हैं। यहाँ तक कि कैंसर नामक सबसे घातक बीमारी के क्षेत्र में भी हुये अनेक नए शोध व अनुसंधानों ने कैंसर के मरीजों के इलाज में भी सकारात्मक परिणाम हासिल किये हैं। उसके बावजूद अभी भी कैंसर को दुनिया के सबसे खतरनाक व जानलेवा मर्जों के रूप में गिना जाता है। निश्चित रूप से कीमियो/थेरेपी में निरंतर आ रहे सुधारों की कारण बचपन में होने वाले कैंसर के बाद जिंदा रहने वालों की दर में बढ़ोतरी हुई है। यह अमेरिका में अब औसतन 80% या उससे ज्यादा है। हालांकि, दूसरे कैंसर के मामलों में रोग का निदान न होने से हालात अब भी बेहतर नहीं हुए हैं। यही वजह है कि अभी भी वैज्ञानिक कैंसर की आनुवंशिक वजहों और कैंसर कोशिकाओं के खास लक्षणों के बारे में ज्यादा जानने की कोशिश में जुटे हैं। खासतौर पर जब कोई मरीज चौथे स्तर के कैंसर से जूझ रहा होता है तो उसके स्वास्थ्य सुधार की संभावना बेहद कम हो जाती है। परन्तु हमारे देश में इस खतरनाक मर्ज का इलाज करने के लिये भी विभिन्न स्तरों पर तरह तरह के दावे पेश किये जाते हैं। कैंसर का इलाज निश्चित रूप से मंहगा इलाज है। इसलिये जब किसी गरीब परिवार का सदस्य कैंसर का शिकार हो जाता है और वह धनाभाव के चलते इसका मेडिकल उपचार नहीं करा सकता तो ऐसे गरीब लोगों का इलाज करने के नाम पर लोगों का नेटवर्क पूरे देश में सक्रिय है। कोई जड़ी बूटियों से कैंसर का इलाज करने का दावा करता है तो कोई गोमूत्र या इससे बनी दवाइयां बताकर अपना धंधा चला रहा है। कोई झाड़फूंक में कैंसर का निदान बताता है। हमारे देश में तमाम अनपढ़ अशिक्षित किस्म के लोग और वैद हकीमी का दावा करने वाले अनेकानेक नीम हकीम कैंसर से जूझने वाले मरीजों को गुमराह करने में लगे रहते हैं। इन्हीं मरीजों में कई ऐसे भी होते हैं जो धन संपन्न होने के कारण अपना मेडिकल इलाज भी कराते रहते हैं साथ ही अपने विश्वास के अनुरूप अन्य तरीके के इलाज भी करते रहते हैं। दरअसल आज भी देश का एक बड़ा वर्ग जोकि ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं है, जिसके कारण मरीज अक्सर डॉक्टर से सलाह लेने के बजाय हर्बल नुस्खों का सहारा लेते हैं। ₹ परन्तु ऐसे मामलों में दिक़्क़त तब खड़ी हो जाती है जब एलोपैथी के ईलाज से स्वास्थ्य लाभ पाने वाला मरीज अपने आरोग्य लाभ का श्रेय एलोपैथी प्रणाली या मेडिकल साइंस को देने के बजाये अन्य देसी इलाजों या उपायों अथवा प्रकृतिक स्रोतों को देने लगता है। खासकर समाज के लिये उस समय असमंजस्य की स्थिति उत्पन्न हो जाती है जब इस तरहके दावे किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति,जनप्रतिनिधि अथवा यशस्वी व्यक्ति द्वारा किये जायें। उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों पूर्व क्रिकेटर व कांग्रेस के नेता नवजोत सिंह सिद्धू द्वारा अपने अमृतसर स्थित आवास पर एक प्रेस कॉन्फ़्रेंस बुलाकर यह दावा किया गया कि -'उनकी पत्नी नवजोत कौर सिद्धू जोकि खुद भी एक डॉक्टर हैं,ने अपने आहार में कुछ चीजें शामिल करके स्टेज चार के लाईलाज कैंसर जैसे मर्ज पर काबू पा लिया है। सिद्धू ने यह घोषणा की कि उनकी पत्नी अब कैंसर से मुक्त हो चुकी हैं। सिद्धू के अनुसार चूंकि उनकी पत्नी के आहार में नींबू पानी, कच्ची हल्दी, सेब का सिरका, नीम की पत्तियां, तुलसी, कद्दू, अनार, आंवला, चुकन्दर और अखरोट जैसी चीजें शामिल थीं, जिससे वह स्वस्थ हो गईं। प्रेस कॉन्फ़्रेंस में किये गये सिद्धू के इन दावों के बाद से ही यह सवाल उठने लगा था कि क्या कच्ची हल्दी, नींबू पानी और नीम की पत्तियों जैसी साधारण आयुर्वेदिक चीजों से कैंसर के कोई भी लक्षण महसूस होते हैं, तो उनको डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। और यह सलाह भी एक कैंसर विशेषज्ञ से लेनी चाहिए। इससे पहले मध्य प्रदेश की पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर जोकि स्वयं कैंसर से पीड़ित थीं और कैंसर विशेषज्ञों के उपचाराधीन थीं। परन्तु जब उन्हें दवा इलाज से आंशिक स्वास्थ्य लाभ मिला तो उन्होंने इसका श्रेय मेडिकल उपचार को देने के बजाये 'गाय के शरीर पर हाथ फेरने' को दे दिया। प्रज्ञा ठाकुर ने बाकायदा टी वी कैमरे के सामने गाय पर हाथ फेर कर यह भी बताया कि स्वास्थ्य लाभ पाने के लिये गाय पर हाथ फेरने का सही तरीका क्या है ? इस तरह के निराधार दावे यदि आम लोगों की तरफ से किये जाएँ तो भले ही लोग उस पर तवज्जोह न दें परन्तु जब यही बातें किसी सेलेब्रेटी द्वारा की जाने लगें तो आम लोगों में ऐसे दावों पर चर्चा होना स्वाभाविक है। समाज में ऐसे दावों को लेकर केवल चर्चा ही नहीं होती बल्कि ऐसे सेलेब्रेटीज के अनेक प्रशंसक भी उन अप्रमाणित दावों के पीछे चल पड़ते हैं। वे ऐसे दावों पर तुरंत विश्वास कर



भी कैंसर जैसे मर्ज से मुक्ति पाई जा सकती है ? सिद्धू की इस आत्मविश्वास पूर्ण प्रेस वार्ता के बाद सोशल मीडिया पर सिद्धू के दावों को लेकर बहस छिड़ी तो आखिरकार टाटा मेमोरियल अस्पताल मुंबई के 262 कैंसर विशेषज्ञों समेत अनेक पूर्व कैंसर विशेषज्ञों को सामने आना पड़ा। इन सभी कैंसर विशेषज्ञों ने सिद्धू के दावों से पूरी तरह असहमति जताई और कहा कि इन बयानों का समर्थन करने का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। इन कैंसर विशेषज्ञों ने लोगों से अपील भी की कि वे अप्रमाणित उपचारों का पालन न करें और अपने इलाज में देरी न करें। बल्कि, यदि किसी को अपने शरीर में लेते हैं। और खुद भी ऐसे ही अप्रमाणित इलाज करने की कोशिश करते हैं।यह कदम बहुत ही हानिकारक हो सकता है। क्योंकि कैंसर का इलाज तभी संभव है जबकि इसका इलाज सही समय पर शुरू कर दिया जाये। परन्तु वे अप्रमाणित इलाज के चक्करों में पड़कर सही समय पर शुरू होने वाले उपयुक्त इलाज से महरूम रह जाते हैं और कैंसर जैसा जानलेवा मर्ज धीरे धीरे शरीर में अपनी जड़ें और भी गहरी कर लेता है। इसलिये किसी भी प्रतिष्ठित व यशस्वी व्यक्ति को ऐसे अप्रमाणित व निराधार दावों से बचना चाहिये क्योंकि समाज ऐसे दावों और हक़ीकत के बीच भ्रमित रहता है।

## आज का राशिफल

**मेष-** आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। आपको किसी बड़े लक्ष्य को पूरा करना होगा। पारिवारिक समस्याएं फिर से उभर सकती हैं। जो युवा रोजगार के तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आप कार्यक्षेत्र में कामों से अपने बॉस को खुश रखेंगे। आपका बिजनेस पहले से ज्यादा बढ़ेगा। आपकी मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा। कारोबार में आपको कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**वृषभ-** आज का दिन आपके लिए पारिवारिक सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आपके काम को लेकर अत्यधिक थकान रहेगी। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। जीवनसाथी को आप कही शॉपिंग पर लेकर जा सकते हैं, लेकिन आपके कुछ खर्चे सामने आ सकते हैं, जो आपके लिए सिरदर्द बनेंगे। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को बहुत ही सोच समझकर आगे बढ़ना होगा। आप अपनी प्रतिभा से कार्यक्षेत्र में लोगों को हैरान करेंगे।

**मिथुन-** आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपको अपने किसी मित्र की कोई बात बुरी लग सकती है। आपको रूपए पैसे को लेकर किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा। बिजनेस में अक्समात लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से आपको खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। प्रेम संबंध बेहतर रहेंगे। किसी काम को लेकर यदि कोई चिंता थी, तो वह भी दूर होगी।

**कर्क-** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। रचनात्मक कार्य में आपकी खूब रुचि रहेगी। कोई महत्वपूर्ण काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। आपको अपने दिनचर्या को बेहतर रखने की कोशिश करनी होगी। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलेगा। आपका कोई प्रोजेक्ट शुरू हो सकता है। आप योग और व्यायाम से काफी सारी मुश्किलों को दूर कर सकते हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देंगे। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**सिंह-** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपनी सेहत में लापरवाही दिखाने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको किसी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपकी आय बढ़ने से आपको खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके स्वभाव में चिड़चिड़ापन देखकर परिवार के सदस्य भी आपसे नाराज रहेंगे। लेनदेन से संबंधित मामलों में आपको पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि आपसे कामों में कोई गलती हो, तो आप उसके लिए तुरंत माफी मांगे।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। कोई रुका हुआ काम पूरा होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने बिजनेस की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई को लेकर कुछ समस्याएं आ सकती हैं। आप किसी स्कॉलरशिप से संबंधित एग्जाम को दे सकते हैं। आध्यात्मिक कार्य में आपकी खूब रुचि रहेगी। रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को अच्छा अवसर मिलेगा।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने परिवार के सदस्यों की जरूरतों पर पूरा ध्यान देना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको अनुभवों का पूरा लाभ मिलेगा। आपको यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। कारोबार में आपकी मेहनत रंग लाएगी। आपके अंदर ऊर्जा रहने के कारण आप कामों को आसानी से कर सकेंगे।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। दोस्तों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आप कुछ नया करने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप किसी से कोई वादा बहुत ही सोच समझकर करें। आपका कोई मित्र आपके लिए किसी निवेश संबंधी प्लान को लेकर आ सकता है। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर हाथ लग सकता है। आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए प्रॉपर्टी संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको कोई पैतृक संपत्ति भी प्राप्त हो सकती है। कोई सरकारी मामला यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी सुलझ सकता है। आपको व्यवसाय में कोई काम बहुत ही सोच समझकर करना होगा। आप अपने कामों को लेकर कोई सरप्राइज पार्टी प्लान कर सकते हैं। संतान को किसी नौकरी से संबंधित काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आपको अपने पारिवारिक मामलों पर पूरा ध्यान देना होगा।

**मकर-** आज का दिन आपके लिए धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। यदि आप किसी काम को लेकर परेशान चल रहे थे, तो वह भी दूर हो सकता है। आपके वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आपके कुछ नए विरोधी होने की संभावना है। आप किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले। आपको अपने जरूरी कामों को लेकर अपने पिताजी से बातचीत करनी होगी, तभी वह पूरे हो सकेंगे।

**कुंभ-** कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में लोगों से अपने काम निकलवाने होंगे। आपको बिजनेस में कोई जोखिम उठाने से बचना होगा। आपको सेहत पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप आवेश में आकर कोई निर्णय न लें, नहीं तो समस्याएं बढ़ सकती हैं। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। संतान की तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने समय का सदुपयोग करें, जिसका आपको परिणाम भी बेहतर मिलेंगे। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती हैं और आप अपने बिजनेस में कुछ नई योजनाओं को बनाएंगे, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर आपको टेंशन रहेगी।

व्यंग्य

# जहाँ ठोस विचार केवल धुंआ होते हैं!

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



गाँव में एक दिन एक अनोखी घटना घटी। गाँव के बुजुर्ग रामशंकरजी, जिन्हें लोग ह्यनास्तिकह्न के नाम से जानते थे, अपने घर के बाहर खड़े होकर उन वादियों का निरीक्षण कर रहे थे, जिनकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। वे अपनी आँखों से बर्फीली हवाओं के झोंकों को निहारते हुए यही सोच रहे थे कि ह्यकभी ये हवाएँ मुझे भी छूने आती थीं, पर अब ये केवल उनके पास जाती हैं जिनके पास सर्दियों के लिए कंबल होता है। अब रामशंकरजी का मन किसी और दिशा में था। वे हर बार यह मानते थे कि आधुनिकता अब केवल उनके जैसे वृद्धों को ही परेशान करती है, जिनके पास वृद्धावस्था के सिवा और कुछ नहीं होता। वे खड़े-खड़े गाँव के उन सभी लोगों पर विचार कर रहे थे, जिन्होंने ह्यआधुनिकताह्न के नाम पर बूट और जैकेट पहन रखे थे, जबकि उनके खुद के पास केवल लाठी और बेतरतीब चप्पलें थीं। अचानक उनके कानों में एक आवाज आई, ₹रामशंकरजी, आपका पोता हरिशंकर, गाँव के चुनावी रैली में गया है, उसे बहुत अच्छे से तैयार किया गया है। रामशंकरजी एक लम्हे को चौंके। उन्होंने अपना सिर झटकते हुए कहा, ₹तो फिर वो मुझे क्यों नहीं दिखता? तभी गाँव के सबसे सम्मानित हस्ती, पं. हरिहरनाथ जी, रामशंकरजी के पास आकर बोले, ₹रामशंकरजी, आपको तो आदर्श नागरिक का उदाहरण बनना चाहिए। आपने कभी सोचा है कि ये जो हरिशंकर की राजनीति में रुचि है, वह केवल दिखावे की है, या फिर उसके भीतर कुछ ठोस विचार हैं? रामशंकरजी ने चश्मा सही किया और मंद-मंद मुस्कुराते हुए कहा, ₹बिलकुल! राजनीति के अंदर ठोस विचार तो वैसे ही होते हैं, जैसे घर के अंदर वॉर्डरोब में रखा बर्तन। बस फर्क इतना है कि बर्तन कभी काम आता है, लेकिन राजनीति में ठोस विचार केवल धुंआ उगलते हैं। क्या मतलब? हरिहरनाथ जी ने एक शंका जताई। रामशंकरजी ने अपना चश्मा और अधिक चमकाते हुए कहा, ₹मतलब यह है कि जिस चुनावी रैली में वह भाग ले रहे हैं, उसमें जीतने के बाद वह केवल अपनी जाति की कुर्सी पर बैठेंगे, और हमें जो अपना वोट उन्हें देंगे, वो कुर्सी किसी और की हो जाएगी, जो शायद सिर्फ उनका हाथ पकड़कर कहीं और चला जाएगा। इतने में गाँव के प्रमुख नेता, श्रीनाथ जी, जो रैली के संयोजक थे, पास आकर बोले, ₹रामशंकरजी, आप भी न! हरिशंकर जैसे बच्चों की कड़ी मेहनत को क्यों नकारते हो? क्या आपके जमाने में ऐसा कुछ था? रामशंकरजी मुस्कुराते हुए बोले, ₹क्या जमाना था! पहले हम लोग मेहनत करते थे, पर अब तो मेहनत ही राजनीति में बदल गई है। लोग अब सिर्फ किस्मत का ताला खोलते हैं और हमें बता देते हैं कि हम में कोई ताज नहीं, बस एक अदृश्य सौभाग्य ही है जो हमें पराजित होने से बचाता है। हरिहरनाथ जी ने चिढ़ाते हुए कहा, ₹अब आप ज्यादा कहने लगे हैं। हरिशंकर अच्छा लड़का है, बस उसे थोड़ी और मेहनत करनी चाहिए। रामशंकरजी ने एक ठंडी आह भरते हुए कहा, ₹मेहनत तो वह भी करता है, पर उसकी मेहनत केवल रैली में भाग लेने और ह्यवोट माँगनेह्न तक सीमित रहती है। बाकी कहीं कोई सुधार नहीं। इतने में गाँव के अन्य युवक, जो हरिशंकर के समर्थक थे, आकर बोल पड़े, ₹रामशंकरजी, आप न पुराने विचारों के आदमी हो गए हो! आजकल के युवा सचमुच बदलाव ला रहे हैं! रामशंकरजी ठहाका मारते हुए बोले, ₹बदलाव? क्या बदलाव लाए हैं ये? बदलाव तो उसी गाँव में लाने का नाम है, जहाँ के पेड़-पौधे भी सजे हुए नहीं दिखते, और सड़कें तो फिर क्याह्व गड्ढों से भरी रहती हैं। बस, ये लोग बदलाव का नाम लेते हैं, लेकिन जो चीज सुधरने की जरूरत है, वो उनके मनोबल में है, न कि रोड शो में।₹ सभी लोग चुप हो गए। किसी को अब कुछ कहने की हिम्मत नहीं हुई। और यह वही वक्त था जब रामशंकरजी को समझ में आ गया कि गाँव के लोग केवल तात्कालिक सुधार की बातें करते हैं, जबकि वास्तविक सुधार तो जड़ में होता है, जो तब दिखता है जब किसी को अपनी गलतियों का एहसास होता है।

मानव अधिकार दिवस

# नैतिक मूल्यों का आईना है मानवाधिकार

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



मनुष्यों के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए कानून को मानवाधिकार से संबोधित किया जाता है। प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को मनाए जाने वाले मानवाधिकार दिवस का मकसद ही दुनिया भर में इन अधिकारों को बनाए रखने के साथ ही इनके प्रति लोगों को जागरूक करना है। यह हम सभी जानते हैं कि मानवाधिकार आम जनता के हित वाले अधिकारों की बात करता है। ये ऐसे अधिकार हैं जो जाति, लिंग, राष्ट्रीयता, धर्म, भाषा अथवा इनके अलावा किसी प्रकार का भेदभाव न रखते हुए सभी के लिए समान रूप से लागू होता है। सवाल यह उठता है कि इन अधिकारों में किस तरह की शक्ति निहित है ? अधिनियम में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि मानवाधिकारों में जीवन और आजादी का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की आजादी के साथ ही काम और शिक्षा का अधिकार भी शामिल है। मानवाधिकार आयोग इस बात को लेकर सचेत है कि किसी भी प्रकार से समाज में किसी के अधिकारों का अतिक्रमण न हो। यही कारण है कि आयोग मानवीय समाज को अधिकारों के प्रति सचेत रखने के लिए समय - समय पर प्रकाशनों, मीडिया, सेमिनार ( गोष्ठियों ) तथा अन्य माध्यमों का उपयोग कर जानकारी का प्रचार - प्रसार करता रहता है। मानवाधिकार आयोग द्वारा प्रतिवर्ष इस दिवस की एक थीम तैयार की जाती है। मानवाधिकार 2024 के लिए आयोग ने ₹ हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी .. नामक थीम दी है। हम यह सवाल उठा सकते हैं कि आखिर हमें मानवाधिकार की जरूरत क्यों पड़ी ? वास्तव में देखा जाए तो यह अधिकार मानवीय जीवन में उसी तरह रक्षा कवच के रूप में सामने आता है जिस तरह एक कछुआ खुद पर संकट देख अपने शरीर पर मजबूत आवरण ढंक लेता है। हम इन्हें रक्षा कवच कह सकते हैं, क्योंकि इनमें हमारी रक्षा का संकल्प निहित है। इन्हें हम नियमों से भी संदर्भित कर सकते हैं। कारण यह कि ये हमें इस बात की शिक्षा देते हैं कि एक मनुष्य को समाज में किस तरह का व्यवहार अन्य लोगों के साथ करना चाहिए। इन अधिकारों को हम एक न्यायाधीश के रूप में भी पाते हैं। कारण यह कि हमारे किसी भी अधिकार का हनन होने पर हम आयोग के समक्ष अपील कर सकते हैं। इन्हें हमारी भावनाओं से जोड़कर देखना भी गलत नहीं होगा क्योंकि ये अमूर्त हैं और सभी के लिए हर समय इनकी मौजूदगी देखी जा सकती है। मनुष्य की प्रवृत्ति की तरह इनका उल्लंघन भी सामने आता रहा है। दूसरी ओर मानवीय शरीर में बसी पवित्र आत्मा का स्वरूप भी मानवाधिकारों में रचा - बसा है, क्योंकि यह आत्मा की तरह कभी नष्ट नहीं होता ! अच्छाई, सच्चाई और न्याय की तरह हम कभी - कभी मानवाधिकार की परिभाषा से असहमत भी दिखाई पड़ते हैं, किंतु जब उनकी गहराई में झांकते हैं तो वास्तविकता से रूबरू होकर हम उन्हें पूर्ण सम्मान भी प्रदान करते हैं। मानवाधिकार का दावा प्रत्येक मनुष्य का नैतिक दावा कहा जा सकता है। यह पूर्ण रूप से नैतिक मूल्यों पर आधारित है। मेरे पाठक इस बात से सहमत होंगे कि हमारे जीवन, हमारे अस्तित्व के कुछ पहलू हैं, जिनका उल्लंघन नहीं किया जाना चाहिए। कारण यह




कि वे हमारे अस्तित्व के साथ ही साथ हम कौन हैं ? हम क्या हैं ? का भी निर्धारण करते हैं। ये हमारी मानवता और मानवीय गरिमा के लिए भी नितांत जरूरी हैं। इसे भी स्वीकार करने में कोई संशय नहीं होना चाहिए कि मानवाधिकारों के बिना हम पूरी क्षमता प्राप्त नहीं कर सकते हैं। हमारे मानवीय समाज में कई बार ऐसी दुविधा सामने आती रही है, जो हमें यह सोचने विवश करती है कि क्या हम मानवाधिकारों के साथ जीवन यापन कर रहे हैं ? किन्हीं परिस्थितियों में न्याय मरता है, तो ऐसा लगता है जैसे वह कभी अस्तित्व में था ही नहीं ! मानवाधिकार अविभाज्य है, अर्थात हम उन्हें खो नहीं सकते हैं ! बावजूद इसके विशेष परिस्थितियों में इन्हें निलंबित या प्रतिबंधित किया जाना गैर - कानूनी नहीं माना जा सकता है ! यदि कोई व्यक्ति किसी अपराध के लिए अपराधी घोषित किया जाता है या किसी अपराध में संलिप्त पाया जाता है, तो उसकी स्वतंत्रता छीनी जा सकती है, अथवा उस पर प्रतिबंध लगाना अनुचित नहीं कहा जा सकता है। देश में जरूरी आपातकाल के समय सरकार देश हित में मानवाधिकारों पर प्रतिबंध की घोषणा कर सकती है। कानून और व्यवस्था के बदहाल होने पर सरकार द्वारा लगाए जाने वाले कर्फ्यू के दौरान आम जनता का आवागमन अवरुद्ध करना भी जरूरी समझते हुए मानवाधिकारों के उल्लंघन से नहीं जोड़ा जा सकता है। मानवाधिकार समाज में निवास करने वाले मनुष्यों के सभी वर्गों पर लागू होने वाले न्यूनतम मानकों के रूप में काम करते हैं। प्रत्येक राज्य और समाज उच्च और अधिक विशिष्ट मानकों को परिभाषित करने के लिए स्वतंत्र है। यह प्रत्येक देश और समाज पर निर्भर करता है कि वे अपनी परिस्थितियों के आलोक में ऐसी नीतियों को स्वीकार करें। वास्तव में देखा जाए तो मानवाधिकार के रूप में अधिकारों का बिल वह है जो लोगों को पृथ्वी पर हर सरकार में अधिकार प्राप्त करने की अमिट शक्ति प्रदान करता है। फिर चाहे वह सामान्य हो या विशेष और जिसे किसी भी न्यायपूर्ण सरकार को अस्वीकार नहीं करना चाहिए। हम कह सकते हैं कि मानवाधिकार मनुष्यों की स्वतंत्रता की रक्षा में एक अद्भुत दस्तावेज बन चुका है, जो राजा की शक्ति की सीमा और अन्य लोगों की स्वतंत्रता तथा अधिकारों की मान्यता का प्रतिनिधित्व करता है ! मानवाधिकारों के विचार के मूल में विशेष रूप से दो मूल्य शामिल हैं। मानव सम्मान और समानता। मानवाधिकारों को उन बुनियादी मानकों को परिभाषित करने के रूप में समझा जा सकता है जो सम्मान पूर्वक जीवन के लिए जरूरी है। उनकी सार्वभौमिकता इस तथ्य से प्राप्त होती है कि इस संबंध में कम से कम सभी मनुष्य समान हैं। मानवाधिकारों के परिप्रेक्ष्य में किसी भी राज्य की शक्ति असीमित अथवा मनमानी नहीं हो सकती है।

## एक नजर

### अपहरण व बलात्कार का आरोपित गिरफ्तार



**कोंडागांव 9 दिसंबर।** थाना विश्रामपुरी में एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी छोटी बहन, जो 9 अक्टूबर को सुबह 11 बजे घर से निकली थी, शाम तक वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला। 14 अक्टूबर को शिकायत दर्ज करवाने पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोंडागांव पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान गुमशुदा लड़की की लोकेशन रायपुर में पाई गई। विशेष टीम ने पीड़िता को रायपुर से बरामद कर थाना विश्रामपुरी लाया, साथ ही पुलिस ने आरोपी शाहिद आलम को रायपुर से गिरफ्तार किया है। युवती को शाहिद आलम नाम का युवक अपने साथ ले जाकर बिहार व जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग ठिकानों पर रखा। वहां उसने बार-बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। किसी को जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। अब उसे न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है।

### भांसी पोटाकेबिन आवासीय विद्यालय के छात्र ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली

**दंतेवाड़ा 9 दिसंबर।** जिले के भांसी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भांसी में स्थित पीएमश्री पोटाकेबिन आवासिय विद्यालय के आठवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र घासीराम बरसा ने आज रविवार सुबह अपने कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार भांसी पोटाकेबिन में पढने् वाले एक छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगा लिया, आत्महत्या का कारण अज्ञात है। सूचना पर पुलिस मौके पर पंहुचकर कार्यवाही उपरांत छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है, भांसी पुलिस जांच कर रही है।

### कुआकोंडा ब्लॉक के 20 से अधिक ग्रामीण टीबी से हुए पीड़ित, 8 की मौत का दावा

**दंतेवाड़ा 9 दिसंबर।** जिले के कुआकोंडा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुट्रेम और भांसी के निवासी 20 से अधिक ग्रामीण हैदराबाद स्थित प्रियंका इंडस्ट्रियल कंपनी में मजदूरी का काम करने के बाद टीवी (ट्यूबरकुलोसिस) बीमारी से पीड़ित हो गये। इसमें से अब तक 8 ग्रामीण-मजदूरों की मौत होने का दावा पीड़ित ग्रामीण-मजदूर कर रहे है, जबकि 20 से अधिक ग्रामीण इस बीमारी से पड़ित हैं, और अपना इलाज करवा रहे हैं। कुट्रेम के दो मजदूर फिलहाल किरंदुल के एनएमडीसी परियोजना अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनका उपचार जारी है, डॉक्टरों ने टीवी (ट्यूबरकुलोसिस) बीमारी से पीड़ित होना बताया है, लेकिन इलाज के बावजूद कोई सुधार नहीं हो रहा, उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।। भांसी के कुछ मजदूर अन्य अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं पड़ित ग्रामीण-मजदूर हुंगा माडवी ने बताया कि ग्राम पंचायत कुट्रेम के चार मजदूर भीमा पिता जोगा, नंदा पिता हुर्रा, लिंगे पिता हिड़मा, सोनी पिता हुर्रा की मौत हो गई है, वहीं और ग्राम पंचायत भांसी से एक मजदूर राजकुमार व अन्य की मौत हो चुकी है। उन्होने बताया कि प्रियंका इंडस्ट्रियल कंपनी हैदराबाद में काम करने के दौरान यह बीमारी हुई। उन्होने बताया कि प्रियंका इंडस्ट्रियल कंपनी में मजदूरों से एक खास पाउडर का काम कराया जाता है, लेकिन उन्हें किसी प्रकार के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए जाते। आशंका है कि इस केमिकल युक्त पाउडर से ही बीमारी हो रही है।

### 15 दिसंबर को केंद्रीय गृहमंत्री शाह बस्तर ओलंपिक के फाइनल में होंगे शामिल: शर्मा

**जगदलपुर 9 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री मंत्री विजय शर्मा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बस्तर दौरे को लेकर तैयारियों का जायजा लेने आज शनिवार को जगदलपुर पहुंचे हैं। जगदलपुर एयरपोर्ट पर उनसे पत्रकारों से चर्चा के दौरन उन्होने बताया कि 15 दिसंबर को अमित शाह बस्तर ओलंपिक के फाइनल में शामिल होंगे। साथ ही नक्सल प्रभावित इलाके के एक पुलिस कैंप का भी दौरा करेंगे। अमित शाह बस्तर में एक रात गुजारेंगे। नक्सलियों को मार गिराने वाले बस्तर के जवानों से मुलाकात कर उनका सम्मान करेंगे। उनसे बातचीत करेंगे साथ ही उनके साथ डिनर भी करेंगे, वहीं एलडब्ल्यूई (लेफ्ट विंग एक्स्ट्रीमिज़्म) की बैठक में शामिल होंगे। अगले दिन 16 दिसंबर को वे रायपुर के लिए निकलेंगे। गृहमंत्री मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बीजापुर में दो पूर्व सरपंच और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की हत्या को नक्सलियों की कायराना करतूत बताते हुए उन्होंने कहा कि आम लोगों की हत्या करना बहुत ही गलत है। उन्होंने कहा कि असम के कई पूर्व उग्रवादी अब मुख्यधारा में लौटकर समाज सेवा कर रहे हैं और कुछ विधायक भी बन गए हैं। इसी तरह यहां भी हथियार लेकर जंगलों में घूम रहे लोगों को भी मुख्यधारा में आने का निमंत्रण दिया गया है। उनसे पूछा गया कि क्या अमित शाह हिड़मा के पूवर्ती गांव जाएंगे ? तो उन्होंने कहा कि, वे उससे भी आगे जाएंगे।

### गृहमंत्री ने बस्तर ओलंपिक की तैयारियों का लिया जायजा व समीक्षा बैठक ली

**जगदलपुर 9 दिसंबर।** बस्तर ओलंपिक 2024 के समापन समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज शनिवार को छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री व बस्तर जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप, खेल मंत्री टंकराम वर्मा जगदलपुर पहुंचे। जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, महापौर श्रीमती सफीरा साहू, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि और कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिंहा सहित अन्य अधिकारी ने मंत्रियों का आत्मीय स्वागत किया। मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर से सीधे विजय शर्मा जगदलपुर के इंदिरा स्टेडियम पहुंचे और बस्तर ओलंपिक के समापन कार्यक्रम की तैयारियों को जायजा लिया। इसके बाद गृहमंत्री ने बस्तर ओलंपिक की समीक्षा बैठक भी ली। जिसमें खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, बस्तर आईजी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने शहीद गेंद सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 9 दिसंबर।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बड़ाजी ग्राम के चौक में शहीद गेंद सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके साथ ही 8 करोड़ तीन लाख के 9 विकास कार्यों का भूमि पूजन-लोकार्पण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्बा समाज के शहीद गेंद सिंह ने अंग्रेजों से लोहा लिया और क्षेत्र में अंग्रेंजी शासन के नीतियों का विरोध किया। आज के युवा शहीद गेंद सिंह का स्मरण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें, समाज के उत्थान में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के 6 हितग्राहियों को आवास पूर्ण होने पर घर की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी।साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए स्वीकृत आदेश पत्र का हितग्राहियों को वितरण किया गया। हल्बा समाज के प्रतिनिधियों ने स्मृति चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम को बस्तर सांसद महेश कश्यप, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल ने संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष श् मनिराम कश्यप, पूर्व विधायक महेश गागड़ा, लच्छू राम कश्यप क्षेत्र के जन प्रतिनिधि एवं हल्बा समाज के पदाधिकारी, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिंहा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

शहीद गेंद सिंह बस्तर रियासत के अंतर्गत परलकोट जमींदारी के जमींदार गेंद सिंह ने मराठों और ब्रिटिश अधिकारियों के शोषण के विरुद्ध भुजरिया अबूझमाड़िया आदिवासियों को लेकर बस्तर की स्वतंत्रता का शंखनाद 1824-1825 में किया था। क्रांतिकारी धंवड़ा वृक्ष की टहनियों को संकेत के रूप में एक स्थान से दूसरे स्थान भेजते थे, पूरा मांड अंचल क्रांति की गिरफ्त में था। विद्रोह का संचालन अलग-अलग टुकडियों में मांझी लोग करते थे, और रात में गुटों में एकत्र होकर अगले दिन की योजना बनाते थे। उनका उद्देश्य बस्तर को गुलामी से मुक्त कराना था। छत्तीसगढ़ के ब्रिटिश प्रशासक एगेन्यू के निर्देश या चांदा के पुलिस अधीक्षक कैप्टन पिव ने मराठा और अंग्रेज सेना की सहायता से 12 जनवरी, 1825 को गेंद सिंह और उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया। क्रांतिकारियों का कठोर दमन किया गया और 20 जनवरी, 1825 को गेंद सिंह को उनके महल के सामने ही फांसी दे दी गई।

## सीआरपीएफ ने नक्सल प्रभावित एलमागुंडा साप्ताहिक बाजार में लगाया मेडिकल कैंप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 9 दिसंबर।** जिले के अति नक्सल प्रभावित इलाके में सीआरपीएफ सेकेंड बटालियन एलमागुंडा में तैनात ब्रेवो एवं चार्ली कंपनी के द्वारा शुक्रवार को एलमागुंडा साप्ताहिक बाजार में सिविक एक्शन प्रोग्राम केतहत मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितीश 110 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां का वितरण किया गया। शिविर में ग्रामीणों को मौसम में हो रही बदलाव के कारण हो रही बीमारी से बचाव के भी जानकारियां दी गई।

सीआरपीएफ सेकेंड बटालियन की इलाके में तैनात होने के बाद से ग्राम मुरकर्राजकोण्डा व ग्राम दुलेड व एलमागुंड़ा में लगातार ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित कर क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयासरत है। सुरक्षा बल का कैंप स्थापित होने के साथ ही इलाके में सडक़, बिजली, स्वास्थ्य, स्कूल व आंगनबाड़ी सहित बुनियादी सुविधाओं का गांव तक पहुंचाया जा रहा।

नक्सलवाद के कारण जहां इस इलाकों का विकास कार्य रुका गया था, अब तेजी के साथ गांव में बुनियादी किए जाएंगे। यहां के ग्रामीण एवं क्षेत्र की जनता की सहयोग से इलाके में सुरक्षा और शांति स्थापित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण, चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितीश, सहायक कमांडेंट राजीव, सहायक कमांडेंट ज्ञानेश, एनसी महंत सहित सीआरपीएफ के जवान मौजूद थे।

सीआरपीएफ सेकेंड बटालियन के कमांडेंट रति कान्त बेहेरा ने बताया कि सीआरपीएफ द्वितीय वाहिनी के द्वारा ग्राम मुरकर्राजकोण्डा, ग्राम दुलेड व ग्राम एलमगुंडा सहित अंदरूनी इलाकों में कैंप स्थापित करने के साथ ही लगातार ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित कर विश्वास और विकास के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ग्रामीणों के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाते रहता है साथ ही इसके अलावा सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से दैनिक जरूरत के सामान उपलब्ध कराई जाती है, एवं ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित कर क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों के पूरा सहयोग मिल रहा है, जिसके कारण से इलाके में अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्य को गति मिल रही है। सीआरपीएफ सेकेंड बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण ने बताया कि इन दिनों अचानक मौसम में आई बदलाव से बड़ी संख्या में बुखार सर्दी खांसी से ग्रामीण पीड़ित है, जिसे देखते हुए एलमागुंडा साप्ताहिक बाजार में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के ग्राम के 110 से अधिक ग्रामीणों का मुफ्त उपचार कर सभी को निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। सीआरपीएफ सेकेंड बटालियन के द्वारा समय समय पर सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत आसपास के ग्रामीणों की मदद करते रहते है, और कैंप में भी ग्रामीण पहुंचकर निःशुल्क उपचार करवाते है, आपसी तालमेल को और बेहतर करने हमेशा हमारी बटालियन इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करती रहती है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय बस्तर के विद्यार्थियों ने किया 188 बटालियन सीआरपीएफ कैंप पुसपाल का शैक्षिक भ्रमण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर 9 दिसंबर।** भारत सरकार की पी एम श्री स्कूल योजना के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों को शैक्षिक पर्यटन का लाभ दिया जाता है इसी कड़ी में श्री भवेश चौधरी कमांडेंट 188 बटालियन के निर्देशन में सीआरपीएफ कैंप पुसपाल घाट बस्तर का जवाहर नवोदय विद्यालय जगदलपुर के विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण करवाया गया । तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के तहत 240 विद्यार्थियों को सीआरपीएफ एवं फोर्स को करीब से जानने का मौका मिला 7 साथ ही उन्हें सीआरपीएफ की कार्य प्रणाली तथा नक्सल उन्मूलन के बारे में सीआरपीएफ की भूमिका बताई गई ।

इस अवसर पर श्री भवेश चौधरी कमांडेंट 188 बटालियन ने विद्यार्थियों को अपना भविष्य संवारने के लिए कैरियर संबंधी सुझाव भी दिए साथ ही सीआरपीएफ के महत्व एवं ड्यूटी के बारे में अवगत कराया । श्री भवेश चौधरी ने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व समझाया तथा विद्यार्थियों की जिज्ञासा शांत करते हुए उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया । इस शैक्षिक भ्रमण के उपरांत विद्यार्थियों में जोश और जुनून देखते ही बन रहा था । विद्यार्थी सीआरपीएफ कैंप का भ्रमण करके गर्व महसूस कर रहे थे तथा जोश, जुनून और देश-प्रेम की भावना से ओत-प्रोत नजर आए । विद्यार्थियों ने अपने संबोधन में सीआरपीएफ के जवानों द्वारा इतनी कठिन परिस्थितियों में की जा रही ड्यूटी तथा मातृभूमि के लिए उनके समर्पण को सराहा तथा बताया कि कैम्प में आकार उन्हें बहुत प्रेरणा मिली है । जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीआरपीएफ कैंप के शैक्षिक भ्रमण को अभूतपूर्व एवं यादगार भ्रमण माना। इस अवसर जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक गण तथा श्री ओम प्रकाश बिश्नोई सहा. कमांडेंट . श्री बन्नाराम सहा. कमांडेंट तथा सीआरपीएफ के अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

### माओवादियों की कायराना करतूत, निर्दोष ग्रामीण महिला की गला घोंट कर की हत्या

**सुकमा 9 दिसंबर।** ग्राम लोदेड़, पटेलपारा निवासी महिला यालम सुकरा पति यालम रामैया उम्र लगभग 40 वर्षकी दिनांक 07/12/2024 को माओवादियों के द्वारा अपहरण कर लोदेड़ से 03 किमी की दूरी पर बड़ें पहाड़ जंगल में ले जाकर गला घोंट कर हत्या की गई है। घटना दिनांक 07/12/2024 के प्रातः 09.30 बजे की है। मौके पर प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन मद्देड़ एरिया कमेटी द्वारा जारी पर्चा बरामद हुआ है। जिसमें माओवादियों द्वारा उनके मूवमेंट की सूचना पुलिस को लगातार देने के कारण दिनांक 18/11/2024 को ग्रेहाउण्ड से हुए Encounter में 07 माओवादियों के मारे जाने का जिक्र किया गया है। माओवादियों के द्वारा पर्चा में मृतिका पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या करना लेख किया गया है। सूचना पर थाना मद्देड़ द्वारा शव कब्जे में लेकर अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### बस्तर ओलम्पिक में भाग लेने मशाल रैली रवाना




**सुकमा 9 दिसंबर।** बस्तर ओलंपिक 2024 के अंतर्गत संभागस्तरीय ओलंपिक खेलकूद के आयोजन को भव्य और व्यापक बनाने के लिए जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मशाल रैली का आयोजन प्रातः 7 बजे से गया जिसमे बड़ी संख्या में छात्रों, युवाओं और जिले के प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। मशाल रैली को धनीराम बारसे, विश्वराज सिंह चौहान और अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा जगदलपुर के लिए मशाल रैली में शामिल होने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मशाल रैली के प्रतिभागियों का छिंदगढ़ और तोंगपाल में भव्य स्वागत किया गया। जगदलपुर में बस्तर संभाग के सभी जिलों के प्रतिभागी भव्य मशाल रैली के माध्यम से बस्तर ओलंपिक 2024 मे शामिल होंगे जहाँ विभिन्न प्रकार के खेल गतिविधि संचालित किए जाएँगे।

### दलपत सागर दीपोत्सव में उप मुख्यमंत्री ने किया दीप प्रज्वलित

#### 2 लाख 51 हजार से अधिक दीप प्रज्वलित किए गए



जगदलपुर 9 दिसंबर। दलपत सागर दीपोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर शनिवार रात्री 9 बजे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बस्तर के युवा बस्तर की अन्य जगहों के नकारात्मक छवि को तोडने् की कोशिश करें। दलपत सागर में दीप प्रज्वलित करते हुए यह संकल्प लें कि समूचे बस्तर में शांति स्थापित हो, बस्तर के गांव-गांव तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। बस्तर की जनता प्रदेश- देश के विकास में सक्रिय सहभागी बनें। बस्तर सांसद महेश कश्यप , महापौर श्रीमती सफ़िरा साहू , पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिंहा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई सहित अन्य जनप्रतिनिधि की मौजूदगी विभिन्न समाजों, व्यापारिक संगठनों, युवोदय के स्वयं-सेवक सहित हजारों की संख्या में गणमान्य नागरिकों ने ऐतिहासिक दलपत सागर के किनारे लगभग दो लाख 51 हजार से अधिक दीपों को प्रज्ज्वलित किया गया।

### रबी फसलों की 109 नवीन किस्मों पर चर्चा की गई

# कृषि विज्ञान केंद्र सुकमा में कृषि चौपाल का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 9 दिसंबर।** कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में शनिवार को कृषि चौपाल कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य किसानों को नई कृषि अनुसंधान तकनीक से अवगत कराना, सर्वोत्तम कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना और कृषि विशेषज्ञों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। संवाद कार्यक्रम के प्रत्येक एपिसोड में कृषि में उन्नत अनुसंधान तकनीक को दिखाया जाएगा। जिसका प्रसारण प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिकों के साथ बातचीत के माध्यम से किया जाएगा। यह प्रसारण हर महीने के पहले या दूसरे शनिवार को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम का पहला एपिसोड 7 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक प्रसारित किया गया। इसमें रबी फसलों की 109 नवीन किस्मों पर चर्चा की गई। इसका सीधा प्रसारण किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र में दिखाया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष श्री धरम नाग व जिले के तीनों विकास खण्डों से किसान मित्रों सहित लगभग 75 कृषक भाई-बहन उपस्थित हुए। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री सुरेश कुमार बैक ने पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए किसानों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से जुड़े अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उपरोक्त कार्यक्रम के साथ-साथ रबी विषय पर सभी विभागों के अधिकारियों हेतु मासिक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र के सभी कृषि वैज्ञानिकों ने संबंधित विषय के संबंध में आगामी माह की कार्य योजना प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पशुपालन विभाग से डॉ ज्योति बघेल, डॉ. अम्बिका नेगी, डॉ. गुलेश्वरी धनेरिया, उद्यानिकी विभाग से श्री नवस तिग्गा, उद्यान विकास अधिकारी एवं रोहित सलाम के साथ साथ कृषक मित्र उपस्थित हुए। कृषि विज्ञान केंद्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री एच.एस. तोमर, कीट विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. योगेश कुमार सिदार, मछली पालन विशेषज्ञ डॉ संजय सिंह राठौर, रंजना, परमेश सिंह सोरी,जानकी,ओम प्रकाश व नंदा सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### विधानसभा संभाला नहीं जा रहा तो पद से इस्तीफा दें केदार: हरीश कवासी



**सुकमा, 9 दिसंबर।** सुकमा के जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने प्रेस नोट जारी कर नारायणपुर विधानसभा के विधायक और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें अपने पद से इस्तीफा देने की बात कही है। श्री कवासी ने अपने प्रेस नोट में कहा है कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बस्तर के नारायणपुर जिले में एक तस्वीर सामने आई है जो की मन को बेहद विचलित करने वाली है। मंत्री केदार कश्यप के विधानसभा क्षेत्र में विकास की दयनीय स्थिति को देखकर मेरा मन बेहद दुखी है क्योंकि मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में बच्चे टॉयलेट में रहकर पढने् को मजबूर है जो कि शासन के सुशासन पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगता है। विष्णु के सुशासन में टॉयलेट में रहकर बच्चे अपना भविष्य गढ़ रहे हैं क्या ऐसे ही नवा छत्तीसगढ़ की कल्पना आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु साय ने की है? इस घटना को चार दिन बीत चुके हैं लेकिन अब तक इस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मामला पर त्वरित कार्यवाही कर दोषियों को सजा देने के बजाय केदार यह बयान दे रहे हैं कि जिन पत्रकारों ने आश्रम में वीडियोग्राफी करके इस मामला को उजागर किया, उन पर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री केदार कश्यप के बयान से यह साफ समझ में आता है कि मंत्री जी यह मामला दबाने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं और मामला को उजागर करने वाले पत्रकारों के विरुद्ध कार्यवाही करने की बात के लिए केदार को पत्रकारों से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि पत्रकार हमारे देश का चौथा स्तंभ है अगर ये वीडियोग्राफी नहीं करते तो मामला जनता के बीच नहीं आता और बच्चे जो आने वाले कल का भविष्य है। उन्हें इसी तरह टॉयलेट में रहकर न जाने कब तक शिक्षा पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता जो उनका मूलभूत अधिकार है। श्री कवासी ने आगे कहा कि उल्टे सीधे बयानबाजी से नवा छत्तीसगढ़ नहीं बनेगा अगर उनसे अपना विधानसभा संभाल नहीं रहा तो अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

### निक्षय-निरामय के प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना




**सुकमा 9 दिसंबर।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ के प्रचार प्रसार अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिल कश्यप और भाजपा जिला अध्यक्ष श्री धनीराम बारसे के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रचार प्रसार रथ के द्वारा घूम घूमकर ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों से बचाव व रोकथाम की जानकारी दी जाएगी तथा उन्हें मौसमी बीमारियों से बचने के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही प्रचार प्रसार रथ के द्वारा जिले के सभी गांवों में जाकर टी.बी, कुष्ठ, मलेरिया आदि से पीड़ित मरीजों का चिन्हांकन किया जाएगा तथा डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिकता से उनका उपचार किया जाएगा। यह अभियान चार चरणों में संचालित किया जाएगा। प्रथम चरण 7 दिसंबर से 22 दिसंबर तक, द्वितीय चरण 23 दिसंबर से 28 फरवरी तक, तृतीय चरण 1 मार्च से 15 मार्च तक और चतुर्थ चरण 16 मार्च से 23 मार्च तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमआर कश्यप, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी - डॉ. बारसे भीमाराम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री भास्कर चौधरी, श्री डी. एस. जांगड़े, श्री मिथिलेश सोरी, श्री मुकेश राय, श्री राजीव दास, श्रीमती राजेश्वरी, श्रीमती प्रीति मिश्रा, श्री संतोष चौहान, प्रशांत खलखो, मोहम्मद सरफ़राज नवाज़, लक्ष्मण माँझी, अमित हलधर, रितेश यादव, कंचन ठाकुर, खेम लाल साहू, राजेश सोलंकी पीरामल स्वास्थ्य, अमित कुण्डू लेप्रा, अनिल सोयाम, सागर मंडल एवं पोटा कैबिन के छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जैन धर्म में व्यक्ति नहीं गुणों की पूजा होती है: विराग मुनि



**रायपुर 9 दिसंबर।** तेरापंथ अमोलक भवन, सदर बाजार में श्री विराग मुनि जी आदि ठाणा की सन्निधि में सकल जैन समाज समाहित नवकार जाप ग्रुप व तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में सकल जैन समाज में एक रुपेण मान्य नवकार महामंत्र जाप जो शाश्वत है आधारित नवकार जाप का आयोजन सुबह 9 से 10 बजे तक किया गया। नवकार जाप में जैन धर्म के सभी घटकों के श्रावक-श्राविकाओं की अच्छी संख्या में सहभागिता रही। जाप पश्चात उपस्थित जपाराधकों को संबोधित करते हुए श्री विराग मुनि जी ने कहा कि जैन धर्म एक ऐसा धर्म है जहां व्यक्ति विशेष की पूजा आराधना न हो कर गुणों की पूजा की जाती है। जैन धर्म की सभी परंपराओं में समान रूप से मान्य नवकार महामंत्र में भी गुणों की महिमा या आराधना की गई है। उन्होंने ने कहा कि नवकार मंत्र के जाप से हमें अनेक लाभ प्राप्त होते है। हमें उसके मर्म को समझना होगा जो उसके मर्म को समझ जायेगा वह भवसागर से तर जायेगा। आयोजन में विशेष रूप से आशीष जैन, राजेन्द्र पारख, वीरेंद्र डागा उपस्थित रहे।

**एक नजर**

### जिले में 1823 स्वयं सेवी शिक्षक, असाक्षरों को साक्षर करने गांवों में करा रहे अध्यापन



**महासमुंद, 9 दिसंबर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 15 से अधिक वर्ष आयु वर्ग के असाक्षरों को साक्षर करने के लिए चलाए जा रहे अभियान में जिले के 1095 युवतियों तथा 728 युवक कुल 1823 युवक/ युवतियों का अपने गांव के 18822 असाक्षरों को साक्षर करने के लिए स्वयं सेवी शिक्षकों की भूमिका में संकल्पित होकर उल्लास प्रवेशिका का अध्यापन करा रहे हैं।कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण विनय कुमार लंगेह से प्राप्त निर्देशानुसार जिले के उल्लास केंद्र के शिक्षार्थियों को उल्लास प्रवेशिका एवं उल्लास कार्य पुस्तिका देकर अध्यापन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वही स्वयंसेवी शिक्षकों के द्वारा स्वयंसेवी शिक्षक मार्गदर्शिका में बताए गए तकनीक के माध्यम से सीखने की शीघ्रगामी पद्धति से असाक्षरों को पढ़ना, लिखना, तथा दो अंकों का जोड़ घटना सिखाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम मुनगासेर विकासखंड बागबाहरा में 37 असाक्षरों का चिन्हांकन कर तीन स्वयं सेवी शिक्षक यामिनी साहू, मन्नू , धर्मराज द्वारा 31 से 70 वर्ष की 31 महिलाओं तथा 06 पुरुषों को उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षर कर रहे हैं। यामिनी साहू के केंद्र में अध्यापन कर रही केशली बाई, दुखिया बाई, दुरपन, नीरा जलछत्री, परेम बाई , बुधियारिन, राधाबाई लक्ष्मीबाई, ललिता, सौदा बाई अक्षर को पहचानने व लिखना सीख रही हैं बताती है पहले शब्दों को जानते थे अब लिखे को भी पहचानने लगे है।

### निक्षय निरामय छत्तीसगढ़: स्वास्थ्य सेवाओं में नई क्रांति महासमुंद से 100 दिवसीय अभियान की शुरुआत

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयास से स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई दिशा की ओर कदम बढ़ाते हुए निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। महासमुंद जिले के जिला पंचायत के सभागार में शनिवार को मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के शुरूआत में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ अभियान प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, रेड क्रॉस सोसाइटी सभापति संदीप दीवान, रेड क्रॉस सोसाइटी उपाध्यक्ष भूपेंद्र राठौर, अशोक गिरी गोस्वामी, प्रकाश शर्मा एवं मुन्ना साहू, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।यह प्रचार रथ जिलेभर में अभियान की जागरूकता फैलाने और लोगों को इस पहल से जोड़ने का कार्य करेगा। प्रचार रथ के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं की जानकारी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों तक पहुंचाई जाएगी। यह 100 दिवसीय अभियान 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक चार चरणों में संचालित किया जाएगा। इसका उद्देश्य कमजोर वर्गों के बीच गंभीर बीमारियों की पहचान और उनके उपचार को सुनिश्चित करना है।विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अभियान की सराहना करते हुए इसे छत्तीसगढ़ को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

उन्होंने मितानिनों और स्वास्थ्य कर्मियों से इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक सिन्हा ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जरूरतमंद हितग्राहियों को लाभान्वित किया। जिसमें आयुष्मान वय वंदना की लाभार्थी उर्मिला ध्रुव, कुंभ बाई और केवरा बाई को कार्ड प्रदान किया गया। दिव्यांगजनों को सहायता स्टिक वितरित की गई। टीबी और कमजोर मरीजों को पोषण आहार प्रदान किया गया।

# फाइनल क्रिकेट मैच में आवापल्ली ने भोपापटनम को हराया, कमलेश कारम ने ट्राफी और नगद राशि बांटी




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भोपालपटनम,9 दिसंबर।** आज ग्राम पंचायत आवापल्ली में हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी स्टार्स क्रिकेट क्लब आवापल्ली के तत्वधान में जिला स्तरीय रेड बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया, इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर माननीय श्री कमलेश कारम जी ने फाइनल क्रिकेट मैच मे स्टार्स क्रिकेट क्लब आवापल्ली एवं स्कैटी बॉयज भोपालपटनम के मध्य टास्क किए वा टास्क भोपालपटनम जीती और सर्वप्रथम फिलगिंग करने का निर्णय लिया और आवापल्ली की टीम ने बैटिंग कर राकेश माडकम ने अंतिम ओवर के 6 गेंदो पर छह छक्का लगाया और आवापल्ली की टीम ने 134 रन का लक्ष्य दिया भोपालपटनम को और स्कैटी बॉयज भोपालपटनम की टीम ने 54 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और मैच हार गई और विजेता टीम रही स्टार्स क्रिकेट क्लब आवापल्ली की टीम मुख्य अतिथि माननीय श्री कमलेश कारम जी ने इस क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम प्रथम स्थान स्टार्स आवापल्ली को 50 हजार रुपए एवं ट्रॉफी और द्वितीय स्थान स्कैटी बॉयज भोपालपटनम को 25 हजार रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और संबोधित करते हुए विजेता टीम एवं उप विजेता टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए

इस दौरान जनपद अध्यक्ष सुश्री अनीता तेलम जी, जनपद सदस्य शंकरैया माड़वी जी, आवापल्ली के सरपंच श्रीमती मीनाक्षी जी, उसूर सरपंच बीमा कट्टम,श्री तीरथ जुमार, विधानसभा अध्यक्ष आई.टी.सेल सोशल मीडिया शंकर खटबीना जी, श्री हरे कृष्णा मूंज जी, आम आदमी पार्टी के उपाध्यक्ष गणपत मोडीयम, एवं स्टार्स क्रिकेट क्लब आवापल्ली समिति के सदस्य श्री रूपेश राव,रोहित जीबी,दिनेश नाग,राकेश माडकम,गब्बर खान टिक्कू तेलंम, विनय रेड्डी, ललित चापड़ी ,फाइनल मैच के अंपायर रहे श्री संतोष रेड्डी जी,एवं बासागुड़ा के उभरते हुए बेस्ट कॉमेंटेटर शिवशंकर सेमला जी , एवं सभी सदस्य व बड़ी संख्या में दर्शक गण उपस्थित है।

# गांजा तस्करी में 11 साल की सजा और 1 लाख रुपए का जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,9 दिसंबर।** गांजा तस्करी के मामले में एनडीपीएस विशेष न्यायाधीश सुश्री संघपुष्पा भतप्रहरी ने आरोपी को 11 वर्ष का सश्रम कारावास और 1 लाख रुपए के आर्थिक दंड से दंडित किया है। बता दें कि मामले में अर्थदंड नही चुकाए जाने पर आरोपी को एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार 16 मार्च को तुमगांव पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक बिना नंबर नीले रंग की स्वराज ट्रेक्टर के ट्राली के नीचे गुप्त चेंबर में अवैध रुप से मादक पदार्थ गांजा रखा है, जो पटेवा की ओर से परिवहन करते हुए तुमगांव आ रहा है। सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहों को साथ लेकर मौका स्थल पर उक्त संदिग्ध वाहन को घेराबंदी कर रोका गया और नाम पता पूछने पर ट्रेक्टर चालक ने अपना नाम अरविंद कुमार त्रिवेदी होना बताया। पुलिस द्वारा ली गई तलाभी में उसके पास रखे वाहन ट्रेक्टर ट्राली के नीचे बने चेंबर के अंदर 28 पैकेट भूरे रंग के टेप में लिपटा हुआ 64.880 किलो गांजा बरामद किया गया। मामले में तुमगांव पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 54.2024 एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को गिर तार कर इसकी सूचना परिजनों को दे दी गई। अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू ने की।

## गांजा तस्कर को 14 साल की कैद, एक लाख रुपए जुर्माना

गांजा तस्करी के एक अन्य मामले में सरायपाली में एनडीपीएस की विशेष न्यायाधीश श्रीमती शोभना कोष्टा ने आरोप सिद्ध होने पर 14 वर्ष के सश्रम कारावास व एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। मिली जानकारी के अनुसार विगत 17 फरवरी 2024 को सिंघोड़ा पुलिस ने रेहटीखोल के पास एक जिप्सी क्रमांक आर जे 28 यूए 0760 से 50 किलो गांजा जब्त कर उसका परिवहन कर रहे ग्राम पिलाना थाना कलानौर जिला रोहतक हरियाणा निवासी वीरेंद्र सिंह को गिर तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। सुनवाई के दौरान दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश ने 14 वर्ष के सश्रम कारावास व एक लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई।

### परीक्षा की तैयारी युद्धस्तर पर कराएं, 90 प्रतिशत का परिणाम का रखें लक्ष्य-उप संचालक

**रायगढ़, 9 दिसम्बर ।** प्राचार्य अपने स्कूल के कार्यपालक, प्रबंधक और प्रेरक बनें, साथ ही अपने स्कूल के विकास लिये शैक्षिक, गुणवत्ता विकास के लिये अलग-अलग प्लान बनाकर अपने स्कूल में लागू करें, उक्त बातें शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक में लोक शिक्षण संचालनालय के उपसंचालक श्री अशोक बंजारा ने कलेक्टोरेट रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में आयोजित प्राचार्यों की बैठक में कही।बैठक में उन्होंने कहा कि कक्षा 10 वीं और कक्षा 12 वीं सभी बच्चों को अनिवार्यता ब्लू प्रिंट की जानकारी दें, बच्चों को स्कूलों में ब्लू प्रिंट के आधार पर ही वार्षिक परीक्षा की तैयारी करायें।

# राठिया ने ली किसानों के हित का ख्याल रखने की शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 9 दिसंबर।** प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के पश्चात समस्त आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित में विधायक की अनुशंसा से अध्यक्षों को नियुक्त किया गया है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. पत्थलगांव में विधायक श्रीमति गोमती साय के अनुशंसा पर भाजपा मंडल महामंत्री एवं पूर्व सरपंच रूप सिंह राठिया को के नाम की अनुशंसा की गयी है,दिन रविवार को पदभार ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत मंचासिन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छाया पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके पश्चात अतिथियों का समिति के प्रभारी प्रबंधक समेत कर्मचारियों ने पुष्पहार से स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्यअतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने सहकारी समिति के अध्यक्ष के रूप सिंह राठिया को विधिवत शपथ दिलाई। उक्त कार्यक्रम में मंच का संचालन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष एवं किसान नेता विजय त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पश्चात समस्त किसानों के लिए भोजन एवं जलपान की उचित व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने उपस्थित किसानो को संबोधित करते हुये कहा कि अत्यंत ही हर्ष की बात है कि प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार किसानों के हित में अनेकों योजनाएं चला रही है,और उन्हें लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय लोहिया,पूर्व राज्यमंत्री दर्जा सुरेंद्र बेसरा,रामअवतार अग्रवाल,प्रदीप गुप्ता,सुनील गर्ग,अवधेश गुप्ता,श्यामनारायण गुप्ता,प्रभारी प्रबंधक विमलेश अंबस्थ,अंजू टोप्पो,भुनेश्वरी बेहरा,अनीता राजपूत,यशोदा यादव,फूलो पन्ना,शीला गुप्ता,भारती शर्मा समेत अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल मित्तल ने कहा कि जशपुर जिले से किसान पुत्र विष्णु देव साय द्वारा किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में अध्यक्षों को नियुक्त किया गया है। वहीं पत्थलगांव में भी किसानों तक जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचने और उनकी समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए अध्यक्ष रूप सिंह राठिया को नियुक्त किया गया। उन्होंने कहा कि रूपसिंह राठिया कई वर्षों से किसानों तक अनेकों योजनाओं का लाभ ओर उनकी समस्याओं को बारीकी से जानने और समझने का कार्य कर रहे है।इसी तरह सरकार 21 क्विंटल प्रति एकड़ 3100 रुपए की दर से धान की खरीदी कर रही है। साथ ही 6000 रुपए प्रतिवर्ष किसानों के खाते में डाला जा रहा है। जिससे किसान शसक्त बन सकें,किसानों के समस्याओं को तीव्र गति से सरकार द्वारा निराकरण किया जा रहा है।

**शासन की योजना पहुंचेगी हर किसान तक-:**सहकारी समिति के अध्यक्ष रूप सिंह राठिया ने कहा कि आदिम जाति सेवा सरकारी समिति मर्यादित पत्थलगांव के अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधायक श्रीमती गोमती साय एवं भाजपा के समस्त पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि शासन की प्रत्येक योजनाओं को जो सहकारी समिति से संचालित होती है ।

# महिलाओं के शौचालय के लिए शासन सोच ही नहीं रहा

पत्थलगांव, 9 दिसंबर। एक दशक से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी बस स्टैन्ड मे महिलाओ का शौचालय बनाने की ओर शासन ने अपनी सोच नही बनायी है। लगभग 10 वर्ष पूर्व बस स्टैन्ड मे बने यात्री महिलाओ के शौचालय पर रातो रात बुलडोजर चला दिया गया था,जिसके बाद कभी भी बस स्टैन्ड मे यात्री महिलाओ के लिए नये शौचालय का निर्माण नही हो सका। शहर मे महिला जनप्रतिनिधियों के अलावा अनेक महिला अधिकारी भी है,हर बार उनके आने पर यात्री महिलाओ को शहर के एक मार्त्बस स्टैन्ड मे महिला शौचालय की आस जगती है,परंतु हमेंशा यहा के जनप्रतिनिधियों ने महिला शौचालय बनाने के खोखले दावे ही पेश किये है। 10 वर्ष पूर्व तक यहा के बस स्टैन्ड मे यात्री महिलाओ के लिए एक शौचालय हुआ करता था,परंतु रातो रात प्रशासनिक अमले ने उस शौचालय पर बुलडोजर चला दिया,जिसके बाद से सफर कर यहा



पहुंचने वाली यात्री महिलाओ को शौच क्रिया निपटाने के लिए शौचालय बनने का इंतजार है,इस मांग को अनेक बार आलाधिकारीयों के अलावा जनप्रतिनिधियों के सामने भी रखा गया,परंतु किसी ने भी जंक्शन कहे जाने वाले बस स्टैन्ड मे महिला शौचालय बनाने की सुध नही ली। यहा की नगर पंचायत मे पिछ्ले दस वर्षो से महिला जनप्रतिनिधियों का राज चल रहा है,कभी भाजपा तो कभी कांग्रेस की अध्यक्ष ने नगर पंचायत की कुर्सी संभाली। हर बार सत्ता संभालने वाली महिला के सामने बस स्टैन्ड के लोगो ने यात्री महिलाओ के लिए शौचालय की मांग रखी,परंतु मांग हमेंशा बैरंग लौटती रही,कभी भी जनप्रतिनिधि महिलाओ ने बस स्टैन्ड मे यात्री महिलाओ के लिए शौचालय नही बनाया। वर्तमान मे रही विधायक गोमती साय ने भी अपने सांसदकाल के दौरान बस स्टैन्ड मे महिला शौचालय बनाने के लिए जिला कलेक्टर को पर्त्लिखा था,परंतु वह भी किसी काम नही आ सका। अभी गोमती साय विधायक है,एक वर्ष का समय बीत चुका है,उसके बाद भी बस स्टैन्ड अब तक यात्री महिलाओ के लिए शौचालय की बाट जोह रहा है।।

अतिक्रमण के लिए जगह,शौचालय के लिए नही-:यात्री महिलाओ के लिए बस स्टैन्ड मे शौचालय की मांग सामने आते ही यहा के प्रशासनिक अधिकारी बस स्टैन्ड के भितर शौचालय बनाने के लिए जगह का आभाव बताकर इस बात को हमेंशा टालते रहे,उसके विपरीत बस स्टैन्ड के 60 फीसदी हिस्से मे अतिक्रमण हो चुका है। समाजसेवी बबलू तिवारी का कहना है कि प्रशासन की आंख के नीचे बस स्टैन्ड के 60 फीसदी हिस्से मे अतिक्रमण हो चुका है,परंतु प्रशासनिक अधिकारीयों को अब भी बस स्टैन्ड के भितर महिला शौचालय बनाने के लिए जगह का आभाव है।।

**200 से अधिक बसो का जंक्शन-:**जशपुर जिले का पत्थलगांव बस स्टैन्ड अनेक राज्यो की बस से सफर करने का जंक्शन कहा जाता है। यहा से उडीसा, झारखंड,बिहार,यू.पी,एम.पी जाने के लिए दिनभर बसो की आवाजाही लगी रहती है। यहा के बस स्टैन्ड मे सुबह से देर रात तक लगभग 200 से अधिक बसो की आवाजाही होती है,ऐसे मे इन बसो मे यात्रा कर यहा पहुंचने वाली महिलाओ को शौचालय की कमी के कारण यहा वहा भटककर अनेक बार अपमानित होने की स्थिती से भी गुजरना पडता है।।

# नवोदय के बच्चों ने रंगोली बनाकर बाल अधिकार की जानकारी दी




**बीजापुर, 9 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लिंग आधारित हिंसा से निपटने और महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों के बारे में जागरूकता बढाने के लिए फ्रंट लाईन वर्कर, आगनबाडी कार्यकर्ता, जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं, सखी वन स्टाप सेन्टर के कर्मचारियों का संवेदीकरण। आपातकालीन गैर आपातकालीन सेवाओं तक त्वरीत पहुंच कि सुविधा के लिए आपातकालीन हेल्प लाईन नम्बर 112 और महिला हेल्प नम्बर 181, चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098, पर जागरूकता बढाया जा रहा है घरेलू हिंसा रिपोर्ट सखी वन स्टाप सेन्टर, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न कि रोकथाम के लिए रिपोर्ट के लिए जागरूकता लाना, लिंग संसाधन केन्द्र एवं वन स्टाप सेन्टर के बीच संबंध स्थापित करना, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 (यौन अपराध से बच्चों के लिए रोकथाम) अधिनियम 2012 और पीडित मुआवजे आदि के संबध में आपराधिक प्रक्रिया संहिता के तहत विशेष अधिकारो पर जागरूकता बेटी बचाव पेटी पढाओं अभियान, मिशन शक्ति अंतर्गत मिलने वाले सेवाओं जागरूकता, बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता हेतु कार्य किया जा रहा है इस दौरान जिले के फ्रंट लाईन वर्करों के साथ स्व सहायता समूहों, स्वयंम सेवकों, स्कूलों के छात्राओं को जागरूकता किया जा रहा है, इसके लिए नवोदय विद्यालय में बच्चों के द्वारा बाल अधिकार से संबंधित रंगोली बना बाल संरक्षण से सम्बंधित अधिकारों की जानकारी लिया और बाल विवाह मुक्त बीजापुर बनने के लिए शपथ लिया ।

# जिला बीजापुर में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ



**बीजापुर, 9 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 07 दिसंबर 2024 को ज़िला बीजापुर में 100 दिवसीय निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री शंकर कुडियम ज़िला पंचायत अध्यक्ष, श्रीमती बी. पुष्पा राव, ज़िला पंचायत सदस्य, श्री संजय गुप्ता, पार्षद नगर पालिका बीजापुर, डॉ रत्ना ठाकुर सिविल सर्जन जिला अस्पताल बीजापुर और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य जिला बीजापुर में टीबी, कुष्ठ और मलेरिया जैसी बीमारियों को कम करना। लोगों को इन बीमारियों के बारे में जागरूक करना। घर घर जाकर प्रभावित लोगों की पहचान एवं मुफ्त इलाज प्रदान करना है।कार्यक्रम में जिला अधिकारियों ने अभियान के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। अतिथियों ने अभियान की सफलता के लिए कार्यरत टीमों का उत्साहवर्धन किया और जिला बीजापुर को टीबी, कुष्ठ और मलेरिया मुक्त बनाने के लिए सभी से सहयोग का आह्वान किया।मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के साथ जिला बीजापुर को टीबी, कुष्ठ, मलेरिया मुक्त बनाने और वयोवृद्धों को पूर्ण समर्पण से सहायता करने की शपथ ली। उन्होंने सरकार की इस पहल की सराहना की ।अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार और जन जागरूकता के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए निक्षय रथ को अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित थे।

# पंचायतों में मनाया गया रोजगार दिवस




**बीजापुर, 9 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत जाबकार्डधारी परिवारों को वर्ष भर में 100 दिवस रोजगार उपलब्ध कराये जाने के प्रावधान है । जाबकार्ड धारी मजदूरों को प्रत्येक दिवस उनके कार्य के बदले 243 रुपए की मजदूरी प्रदान की जाती है। आधार आधारित भुगतान प्रणाली के आने से मनरेगा के मजदूरी की राशि भारत सरकार से सीधे मजदूरों के लिंक खाते में प्राप्त होती है। जिस किसी श्रमिक को अपना भुगतान प्राप्त हुआ है अथवा नहीं जन मनरेगा एप्लिकेशन के माध्यम से देख भी सकते हैं। मजदूरों को मजदूरी भुगतान के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा, मजदूर देश के किसी भी कोने में जाकर ग्राहक सेवा केंद्र , बैंक में जाकर तत्काल अपने मजदूरी की राशि निकाल सकते है।

उक्त जानकारी ग्राम पंचायतों में श्रमिकों को देते हुए बैकिंग सेवाओं में आने वाली कठिनाइयों के बारे में जागरूकता लाने रोजगार दिवस में अवगत कराया गया। प्रत्येक माह 7 तारीख को पंचायतों में रोजगार दिवस के आयोजन करने के निर्देश हैं, जिसमें योजनान्तर्गत नवीन प्रावधानों के अलावा जाबकार्ड धारी श्रमिकों की आने वाली समस्याओं का समाधान किया जाता है।

### सुपर-30 के संचालक आनंद कुमार का मोटिवेशनल वीडियो दिखाया गया कोतरा स्कूल में

**रायगढ़, 9 दिसम्बर ।** बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए उत्कर्ष भविष्य की उड़ान' के तहत करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन बीते 3 दिसम्बर को रायगढ़ के रामलीला मैदान में हुआ था। जिसमें सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ श्री आनंद कुमार विद्यार्थियों को करियर के टिप्स दिए। उक्त कार्यक्रम के प्रसारण को आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोतरा में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मंगल लाल पटेल की प्रयास से स्कूल के सांस्कृतिक कक्ष में कक्षा 9 वीं से 12 वीं के विद्यार्थियों को दिखाया गया। सुपर 30 कोचिंग संस्था के संस्थापक आनंद सर का अपनी मेहनत और समर्पण से कई गरीब वंचित छात्रों को आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश दिलवाया। उनके जीवन के संघर्ष से विद्यार्थियों को प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।प्रसारण में वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी की जीवनी को विद्यार्थियों के साथ साझा किया गया और उनके द्वारा जो प्रसारण में बताया गया ।

# विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव में युवाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फिंगेश्वर, 9 दिसंबर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग गरियाबंद क्रीड़ा अधिकारी व संयुक्त कलेक्टर खलको मैडम एवं ब्लॉक नोडल प्रभारी हरिश्चन्द्र निषाद के मार्गदर्शन में ब्लाक स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धूमा में सम्पन्न हुआ. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रशेखर साहू (सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद)एवं अध्यक्षता शाला के प्राचार्य वर्षा नेताम ने किया.वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेश साहू (जनपद उपाध्यक्ष फिंगेश्वर) दुर्गा छन्नू साहू (सरपंच ग्राम पंचायत धूमा) जगदीश साहू (जनपद सदस्य फिंगेश्वर) उपस्थित थे. इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल फोड़कर किया गया. तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया.युवा उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत लोकगीत, लोक नृत्य, सामूहिक लोकगीत, एकल नृत्य,सामूहिक नृत्य कविता वाचन, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, विज्ञान प्रदर्शनी, हस्तशिल्प आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिसमें लोकनृत्य ( समूह नृत्य ) में राजीव




लोचन महाविद्यालय राजिम प्रथम,लोकगीत एकल में भूपेश देवांगन प्रथम एवं लक्ष्मी गोस्वामी द्वितीय लोक नृत्य कला में ख्याति प्रथम मोनिका द्वितीय रहे.कहानी लेखन में तेजेस्वरी साहू प्रथम और उमाशंकर साहू द्वितीय रहे चित्रकला में हरिश्चंद्र प्रथम और ओजश्वी साहू द्वितीय और विज्ञान प्रदर्शनी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौंदकेरा प्रथम और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धूमा द्वितीय रहे. हस्तशिल्प में जिज्ञासा प्रथम, कविता गायन में पलक निषाद प्रथम और द्रोण कुमार द्वितीय रहे तात्कालिक भाषण में ओंकार साहू प्रथम और पुष्पेंद्र साहू द्वितीय स्थान रहे. इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी ही 10 दिसंबर को जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में भाग ले सकेंगे. कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता प्रतिभागी को पुरस्कृत किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि चंद्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य ने युवा महोत्सव में शामिल सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा उत्सव के माध्यम से छात्र छात्राओं में छुपी हुई प्रतिभा निखर कर सामने आती है. यह युवाओं को अपने कौशल और क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच भी प्रदान करता है. उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थियों की सफलता पर माता-पिता के साथ-साथ गुरु को भी खुशी होती है. युवा उत्सव कार्यक्रम से न केवल जिला, राज्य, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी आपकी पहचान बनती है.योगेश साहू जनपद उपाध्यक्ष ने कहा कि आज के युवा कल के भविष्य है. युवाओं को एक निश्चित लक्ष्य बनाकर नई उत्साह एवं नई सोच के साथ कार्य करने से समाज में नया बदलाव आता है .युवा उत्सव कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, भाईचारे की भावना के साथ साथ सांस्कृतिक विरासत को पहचान करते हुए उसे संवर्धित करने का अवसर प्रदान करना है. पूरनलाल साहू प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मात्र डिग्रियां प्राप्त करना ही नहीं बल्कि युवाओं को संस्कारवान विचारवान एवं बहुमुखी प्रतिभा का धनी बनाना भी है.ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से युवाओं में रचनात्मक एवं सृजनात्मता का विकास होता है.कार्यक्रम का संचालन

# राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में सीएमए के 2 खिलाड़ियों का चयन



■ छत्तीसगढ़ राज्य का करेंगे प्रतिनिधित्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 9 दिसम्बर।** 68वें राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन मध्य प्रदेश और पंजाब में स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ़इंडिया के द्वारा आयोजित किया जाएगा प्रतियोगिता में 28 राज्य के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 5 संभाग के द्वुद्ध खिलाड़ी शामिल होंगे इस प्रतियोगिता में अंडर 14 में दिव्यांश यादव पंजाब के लुधियाना शहर में एवं अंडर 19 में मोहन दास मानिकपुरी मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह दोनों खिलाड़ी निरंतर 3 वर्षों से चैंपियन मार्शल आर्ट अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं जिसके मुख्य प्रशिक्षक जिला कराते संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान है। उनकी इस उपलब्धि पर जिला करते संघ बलौदाबाजार भाटापारा के संरक्षक शिवरतन शर्मा, अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, संयोजक अरुण(बंटी) छाबड़ा, उपाध्यक्ष नंदू साहू, सचिव ऋषभ सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष सुनील यदु, सह सचिव संकेत शुक्ला। चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी भाटापारा के अध्यक्ष ऋषभ सिंह चौहान, उपाध्यक्ष हिमांशु ध्रुव, सचिव नेमीचंद साहू, कोषाध्यक्ष योगेश कुर्रे, प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान, सह सचिव महेश राजपूत, धनंजय पांडे, हर्ष देवांगन, गौरव साहू, विपिन साहू, प्रतीक द्विवेदी, मनीष दास महंत, शिवम तिवारी एवं नगर पालिका कर्मचारी आनंद कुमार राठौर ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## समाचार संक्षेप

# पीएससी टॉपर रविशंकर वर्मा ने की कलेक्टर से सौजन्य भेंट



■ जिले के कोसमंदी गांव के है निवासी, प्रदेश में हासिल किया प्रथम स्थान

■ परिणाम से है संतुष्ट पारदर्शिता से हुई है परीक्षा : रविशंकर वर्मा

**बलौदाबाजार, 9 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2023 के परीक्षा में सर्वोच्च अंक हासिल करने ग्राम कोसमंदी निवासी टॉपर रविशंकर वर्मा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर दीपक सोनी से सौजन्य भेंट की। कलेक्टर सोनी ने भी उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। इस मौके पर उनकी पत्नी डॉ अंकिता वर्मा, उनकी दीदी लखेश्वरी वर्मा एवं एक साल की उनकी बेटी गरिमा वर्मा भी उपस्थित रही। सोनी ने जिला प्रशासन द्वारा नवाचार कार्यक्रम हम होंगे कामयाब अंतर्गत जिले के युवाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन देने के लिए वर्मा को आमंत्रित किया। वर्मा ने भी आमंत्रण को स्वीकार करते हुए आगामी दिनों बलौदाबाजार आने में हामी भरी है। उन्होंने बताया की वे वर्तमान में कोरिया जिले रोजगार अधिकारी के रूप में पदस्थ हु, प्रशासनिक अकादमी निमोरा में अभी 13 दिसंबर तक ट्रेनिंग चल रही है। इस दौरान उन्होंने अपने परिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में भी बताया।

कलेक्टर से चर्चा के दौरान रविशंकर वर्मा ने कहा कि इस साल हम सीजी पीएससी के परिणाम से बेहद ही संतुष्ट है, पारदर्शिता से परीक्षा हुआ है। विगत कुछ वर्षों के परिणामों से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की कही न कही छवि धूमिल होई थी जिसमें अब काफी हद तक सुधार हुई है। निश्चित ही पारदर्शिता से परिणाम जारी होने पर आज सरकार एवं सीजी पीएससी जैसे संस्थानों पुनः विश्वास बहाली हुई है। उन्होंने आगे कहा कि पारदर्शिता से परीक्षा नहीं होने से युवाओं में हताशा और संस्थान के प्रति शंका उठना प्रारंभ हो जाता है जो भविष्य के लिए बेहद घातक होता है।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 16 दिसंबर तक

**बलौदाबाजार, 9 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान अंतर्गत दौनाझार एवं मानदीप में आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गये थे जिसमे परियोजना स्तरीय मूल्यांकन समिति द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान आंगनबाड़ी सहायिका के 02 पदों के लिए अनंतिम वरीयता सूची जारी क़ी गई है। वरीयता सूची के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति करनी है तो समस्त दस्तावेज सहित कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान में 16 दिसम्बर 2024 तक व्यक्तिगत रूप से कार्यालयीन समय 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक आवेदन जमा कर सकते है। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

### पुलिस ने सट्टा-पट्टी लिखने वाले को किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 9 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना लवन पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असमाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में 6 दिसम्बर को थाना लवन की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर खरतोरा चौंक लवन में सट्टा-पट्टी लिखने वाले एक आरोपी सटोरिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से सट्टा-पट्टी एवं नगदी ?1830 जप्त किया गया। आरोपी सटोरिया के विरूद्ध थाना लवन में 04 क जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 06 के तहत अपराध क्र. 512/2024 पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

### अग्निवीर भर्ती के लिए जिले के आवेदकों की दक्षता परीक्षा 11 को

**बलौदाबाजार, 9 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन 4 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के आवेदकों के लिए 9 एवं 11 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया है कि विगत माह अप्रैल में आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अभ्यार्थियों के लिये जिला प्रशासन बलौदाबाजार द्वारा रायगढ़ स्टेडियम तक पहुंचने के लिए निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध किया गया है। शरीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले इच्छुक अभ्यार्थी समस्त आवश्यक दस्तावेज (रैली से संबंधित) के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बलौदाबाजार में उपस्थित होगें।

## लवन पुलिस ने नकली नोट छापकर बाजार में खपाने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

# गिरोह के 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

■ पुलिस ने दोनों आरोपियों को लवन बाजार जिला सहकारी बैंक के पीछे खंडहर में दबिश देकर पकड़ा

■ प्रारंभ में दोनों आरोपियों से क्रमशः 500, 200 एवं 100 के नकली नोट सहित 6400 के नकली नोट बरामद

■ आरोपी अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर प्रिंटर मशीन, प्रिंटर कागज आदि की सहायता से नकली नोट छापने का करते थे काम

■ आरोपियों की निशानदेही एवं पूछताछ पर विनायक नगर भाठागांव रायपुर में स्थित किराए के मकान से प्रिंटिंग मशीन, प्रिंटर कागज एवं कुल 2,32,400 के नकली नोट बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**आरोपियों के नाम**

1. भुवन साहू उर्फ़भूपेश उम्र 25 साल निवासी वार्ड क्रमांक 07 लवन थाना लवन
2. तुषाल साहू उर्फ़सोनू उम्र 26 साल निवासी वार्ड क्रमांक 07 लवन थाना लवन

**बलौदाबाजार, 9 दिसम्बर।** 7 दिसम्बर को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि लवन नगर में कुछ लोग जाली नोट लेकर आए हैं तथा उसे लवन मार्केट एरिया में खपाने वाले हैं। कि सूचना पर थाना लवन पुलिस द्वारा लवन बाजार, जिला सहकारी बैंक के पीछे खंडहर में दबिश देकर दो आरोपियों को जाली नोट के साथ पकड़ा गया। दोनों आरोपियों का विधिवत तलाशी लेने पर क्रमशः 500, 200 एवं 100 के नोट सहित कुल 6400 नकली नोट दोनों आरोपियों से बरामद किया गया। कि प्रकरण में थाना लवन में अपराध क्रमांक 519/2024 धारा 178, 180, 181, 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि दोनों आरोपियों से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें दोनों आरोपियों द्वारा अपने एक अन्य आरोपी साथी के साथ मिलकर पूरी योजनाबध्द तरीके से एक रंगीन प्रिंटर मशीन खरीदना एवं उस मशीन एवं प्रिंटर पेपर का उपयोग करते हुए 100, 200 एवं 500 रूपये के नकली नोट छापना बताया गया।

प्रकरण में इन दोनों के अलावा तीसरा आरोपी भी शामिल है, जो कि इन्हीं की तरह नकली नोट खपाने के लिए कहीं निकला हुआ है, जिसकी पता तलाश जारी है। आरोपियों से पूछताछ पर यह भी पता चला कि यह लोग नोट छापने का प्रिंटिंग मशीन, प्रिंटिंग कागज पेपर एवं उसमें प्रिंट किया गया बहुत सारा नकली नोट को, विनायक नगर भाठागांव रायपुर स्थित अपने किराए के मकान में रखा गया है, जिस पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल उक्त मकान में दबिश देकर 2,26,000 का नकली नोट, इसे छापने में इस्तेमाल प्रिंटर मशीन एवं प्रिंटर कागज बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा संपूर्ण कार्यवाही में आरोपियों से कुल 2, 32, 400 रुपए का नकली नोट बरामद किया गया है। मामले में एक आरोपी फरार है, जिसकी पता तलाश की जा रही है तथा प्रकरण विवेचना में है। कि प्रकरण में गिरफ्तार दोनों आरोपी भुवन साहू और तुषार साहू को आज दिनांक 08.12.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# ऊँचे लक्ष्य लेकर बढ़े तो सफलता जरूर मिलेगी : रूपसिंग साहू



■ ज्ञान-विज्ञान विद्या मंदिर के वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धा में मुड़ागांव पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता

**बलौदाबाजार, 9 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गरियाबंद जिले के छुरा जनपद अंतर्गत ज्ञान विज्ञान विद्या मंदिर मुंडागाव मैं वार्षिक खेल कूद समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्त्ता रुपसिंग साहू रहे। आतिथ्य स्वागत पश्चात मां भारती के छाया चित्र पर दीपप्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

प्राचार्य नीलम कुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में ज्ञान विज्ञान विद्या मंदिर के सलाहकार भूपेंद्र सिंह जाट, वरिष्ठ नागरिक प्रकाश दत्त दत्ता, साहू समाज सोरिद परिक्षेत्र के अध्यक्ष रूप सिंग साहू, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता बाला राम साहू विशेष आतिथ्य विराजमान रहे।मुख्य अतिथि रुपसिंह साहू ने आदिवासी वन्य ग्रामीण क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन के लिए प्रबंध समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ जीवन मे खेलो का महत्वपूर्ण स्थान है, इससे तन व मन स्वस्थ रहता है, शारीरिक व मानसिक विकाश होता है।बच्चे खेल के साथ - साथ पढ़ाई पर ध्यान देते हुए ऊँचे लक्ष्य लेकर आगे बढे तो सफ्लता अवश्य मिलेगीद्यउन्होंने विविध खेलो मे विजेता बच्चो को मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मान किये और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य नीलम साहू ने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि ज्ञान विज्ञान विद्या मंदिर में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक कक्षाएं संचालित है। अंगेजी माध्यम में पढ़ाई होती है।वनांचल क्षेत्र में भी पालक बच्चो को अच्छी शिक्षा दिलाना चाहता है। यह विद्यालय क्षेत्र में बेहतर शिक्षा के लिए प्रयासरत है। खेल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम को वरिष्ट सामाजिक कार्यकर्ता बालाराम साहु, साहू समाज अध्यक्ष रूपसिंग साहू, ने भी संबोधित किया। उपाचार्य ऋतु ध्रुव प्रबंध समिति ने सभी अतिथियों का श्रीफ्ल व गमछा भेट कर स्वागत किया। इस अवसर पर हेमलाल नेताम सरपंच प्रतिनिधि रानीपरतेवा भानु राम साहू, देवनारायण साहू, गजेंद्र ध्रुव, योगेंद्र साहू, बजरंग दल मुडागांव के सभी सदस्यगण, महिला समूह, एवं साहू समाज के पदाधिकारि, स्कूली छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन पालेन्द्र साहू ने किया।

# शिविर में 1000 लोगों का उपचार, 400 का रक्त परीक्षण, 100 लोगों का स्मार्ट कार्ड बनाया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 9 दिसम्बर।** ग्राम पंचायत कुसुमकसा में आयोजित शिविर हाई टेक हॉस्पिटल के द्वारा आयोजित किया गया। इस शिविर के समापन पर सेवा दे रहे सभी डॉक्टरो को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता देवलाल ठाकुर एवम जिला चिकित्सा अधिकारी एमके सूर्यवंशी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच शिव राम सिन्द्रामे, विशिष्ठ अतिथि मनीष झा मंडल अध्यक्ष मिथेलेश नुरेटी जिला पंचायत उपाध्यक्ष जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मांडले, ब्लाक चिकित्सा अधिकारी विजय ठाकुर डॉक्टर भूपेंद्र मिश्रा व्यापारी संघ के अध्यक्ष अनिल सुथार मिडिया प्रभारी भूपेंद्र डहरवाल उपस्तिथ रहे। सर्व प्रथम अतिथियों के द्वारा पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की प्रारम्भ किया गया इस शिविर मे पुरे विशेषयज्ञ डॉक्टरो के द्वारा सेवा दिया गया एक हजार लोगो का उपचार चार सौ लोगो का रक्त परिक्षण सौ लोगो का स्मार्ट कार्ड बनाया गया। इस अवसर पर हाइटेक हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर रंजन सेन गुप्ता ने कहा की हम पहले बार इतना बड़े शिविर कर रहे है पुरे छत्तीसगढ़ घूम घूमकर शिविर किये है पर इतना ऐतेहासिक शिविर इससे पहले हम कभी नहीं किये। वास्तव मे आपके जनप्रतिनिधि संजय बैस और उनके साथी के प्रयास से हुआ है। हम हाईटेक परिवार बैस जी का धन्यवाद देते हाई कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे। सरपंच शिव राम सिन्द्रामे ने कहा की हमारे जनपद सदस्य लोगो की सेवा के लिये हमेशा आगे रहते जिसका परिणाम ये स्वास्थ शिविर है। मै जिला चिकित्सा अधिकारी से एक एमबीबीएस डॉक्टर की मांग करता हु कार्यक्रम के अतिथि जिला चिकित्सा अधिकारी एमके सूर्यवंशी ने कहा की मै बड़े बड़े शहरों मे ऐसा स्वास्थ शिविर आयोजित होते देखा हु पर आपके जनपद सदस्य संजय बैस ने गांव मे कराकर एक मिशाल पेस किये है। सरपंच के मांग को गंभीरता से लेते हुये हम यहाँ डॉक्टरो की नियुक्ति करेंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवलाल ठाकुर ने कहा की लोग बोलते है संजय है तो सम्भव है जन सेवा की मिशाल बनकर लोगो के लिए सदैव सेवा भाव से लगने वाले संजय बैस का धन्यवाद जो मेरे विधानसभा क्षेत्र मे बड़े बड़े डॉक्टरो को बुलाकर बहुत बड़े पैमाने मे शिविर आयोजित किये कार्यक्रम का आभार जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथेलेश नुरेटी ने किया इस अवसर डॉक्टर नसीम खान संतोष जैन शमशेर खान गोल्डी धनकर डॉक्टर योगेश धनकर डॉक्टर सेत राम साहू देवराज जैन उप सरपंच दीपक यादव नितिन जैन मोनू गुप्ता गौरी शंकर साहू पुष्पजीत बैस वीरेंद्र सिन्हा गणेश श्वेता युवराज धनकर मोहन लाल साहू युवराज साहू मोरध्वज साहू सुकल साहू जी के साथ निजी चिकित्सा संघ मितानीन संघ राष्ट्रीय आजीविका मिशन का भरपूर सहयोग रहा।

### मिनीमाता कन्या कालेज में मनाया गया विश्व दिव्यांगता दिवस

**बलौदाबाजार 9 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय मिनीमता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 2 से 3 दिसम्बर तक विश्व विकलांगता दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम दिव्यांग व्यक्तियों के संघर्षो और उपलब्धियों को सम्मानित करने के साथ-साथ उनके प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।कार्यक्रम महाविद्यालय के छात्राओं के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और दिव्यांगता से संबंधित विषयों को समझने का एक अनूठा अवसर रहा। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार-5000, द्वितीय-3000, तृतीय-2000 तथा भाषण में प्रथम पुरस्कार-2000, द्वितीय-1000 व तृतीय पुरस्कार-500 रखा गया था। आनंद हास्पिटल द्वारा दो दिवसीय हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे सभी छात्राओं का मुफ्त में हेल्थ जांच किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ आनंद बहादुर, विशिष्ट अतिथि शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय क़ी प्राचार्य डॉ. ए.आर.सी. जैम्स, सहा. प्राध्यापक डॉ. कल्पना उपाध्याय, डॉ. सुनीता त्यागी सहित महाविद्यालय केसमस्त अधिकारी, छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रदेश कुर्मी अधिवेशन और कुर्मी संझा का तुलसी तिल्दा में होगा गरिमामय आयोजन

# 1500 कलश के साथ महिलाएं निकालेगी शोभायात्रा

■ सांसद विजय बघेल ने तुलसी में ली समीक्षा बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तुलसी-तिल्दा, 9 दिसम्बर।** इस वर्ष गौरवपूर्ण सामाजिक आयोजन 23 वां कूर्मि संझा तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज का 14 वाँ प्रांतीय अधिवेशन पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर तुलसी (तिल्दा) में 21 एवं 22 दिसंबर को सम्पन्न होगा।

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज के राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष एवं लोकप्रिय सांसद दुर्ग विजय बघेल की अध्यक्षता में तुलसी में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के कार्यकारी अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप की उपस्थिति में कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में राष्ट्रीय स्तर एवं प्रदेशभर से आगुंतकों के लिए आवास एवं भोजन व्यवस्था की भी चर्चा की गई। दो दिवसीय सम्मेलन में लगभग 45000 सामाजिक व्यक्तियों के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने आगे बताया कि इस अवसर पर युवा कूर्मि मित्र मंडल भिलाई नगर द्वारा वैवाहिक पत्रिका मिलन अंक 21 का विमोचन भी किया जाएगा।

समाज के कार्यकारी अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने समाज के सम्मुख ज्वलंत मुद्दों को रखा।उन्होंने कार्यक्रम को तन मन धन से सहयोग करने अपील की है। युवा कुर्मी मित्र मंडल के संयोजक गोपालकृष्ण वर्मा ने आयोजन की रूपरेखा एवम् तैयारी की जानकारी दी।

बैठक में कुर्मी सँझा 21, 22 दिसंबर के ऐतिहासिक आयोजन बनाने के लिए सर्व कुर्मी समाज के पदाधिकारियों ने पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया। सर्व कुर्मी समाज का तिल्दा राज में यह पहला आयोजन है जिसमे छत्तीसगढ़ के समस्त कुर्मी के प्रमुख अपने प्रतिनिधियों के साथ प्रांतीय अधिवेशन में भाग लेंगे और कुर्मी समाज के समरसता एवं प्रगति के लिए विचार रखेंगे।इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त प्रतिभाओं का सम्मान होगा। युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं मिलन पत्रिका का विमोचन के साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होगी।

बैठक को संबोधित करते हुए राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा ने इस आयोजन को तिल्दा राज के लिए गौरव की बात कहते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के समस्त कुर्मी तिल्दा के पावन धरा में पधारेंगे और हमें सेवा का अवसर देंगे। उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय पदाधिकारी के साथ ही मनवा कुर्मी तिल्दा राज के युवा एवम् महिला समिति के साथ मिलकर अधिवेशन व कुर्मी संझा के इस आयोजन को एतिहासिक रूप से सफ्ल बनाएंगे।

बैठक में संरक्षक मन्नू लाल परगनिहा, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष लता ऋषि चंद्राकर, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के महामंत्री यशवंत वर्मा, कोष मंत्री जागेश्वर बघेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोतीलाल वर्मा, उपाध्यक्ष आर सी वर्मा, राज प्रधान तिल्दा राज एवं संयोजक ठाकुर राम वर्मा, अर्जुनी राज के राज प्रधान हरिराम वर्मा, चंदखुरी राज के राज प्रधान चिंताराम, पलारी राज के राज प्रधान रामखेलावन वर्मा, बलौदाबाजार राज की राज प्रधान सुनीता वर्मा, धरसीवा राज के राज प्रधान नीलमणि परगनिहा, रायपुर राज के राज प्रधान जागेश्वर वर्मा, डॉ शारदा कश्यप, प्रदेश कोषाध्यक्ष कमल वर्मा, केंद्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल, डॉ राजेंद्र हरमुख केंद्रीय अध्यक्ष दिल्लीवार कुर्मी समाज, युवा कुर्मी अध्यक्ष दिनेश गौतम, कुर्मी सँझा संयोजक गोपालकृष्ण वर्मा, अजय चंद्राकर, मोरध्वज चंद्राकार महामंत्री, महिला अध्यक्ष तारा चंद्राकर, सरिता बघेल, हेमंत चंद्रा, उपराजप्रधान द्वय डॉ कृष्ण कुमार वर्मा, कौशल वर्मा, राजमंत्री दौलत धुरंधर, युवाध्यक्ष दीपक वर्मा, महिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा, क्षेत्रप्रधान मनहरण वर्मा, ग्रामप्रमुख हरि राम वर्मा, अभिमन्यु वर्मा, अरुणा रानी बघेल केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनिल वर्मा, राजेन्द्र कुमार वर्मा, सहित गणमान्य समाज प्रमुख राज प्रधान, समस्त क्षेत्रप्रधान, ग्राम प्रमुखगण एवं काफी संख्या में महिला एवं युवा कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

**न्यायालय तहसीलदार, एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जगदलपुर, जिला-बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र./ब-121/2024-25

## उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संतोषी निषाद पति कान्ती निषाद निवासी जवाहर नगर वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अपने पुत्र युवाराज निषाद पिता कान्ती निषाद निवासी जवाहर नगर जगदलपुर का जन्म/मृत्यु दिनांक 22/06/2013 को निवास स्थान शहर जवाहर नगर वार्ड जगदलपुर में हुआ है। आवेदक/आवेदिका किसी कारण से अपने पुत्र का जन्म तिथि 22/06/2013 को मुख्य नगर पालिक अधिकारी जगदलपुर/उप पंजीयक ग्राम पंचायत जगदलपुर के अभिलेख में दर्ज नहीं करा पाया था। वर्तमान में आवेदक/आवेदिका को अपने पुत्र का शासकीय कार्य के लिये जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उक्त संबंध में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सरपंच/पार्षद का प्रमाण पत्र, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 20/12/2024 तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई अथवा विचार नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 06.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार (नजूल)
जगदलपुर

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202412142400001/
अ-2/2024-25
साकिनः-चारामा, प.ह.नं.-06

## उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि, आवेदक अविनाश जगवानी पिता मुकेश जगवानी जाति सिन्धी, निवासी चारामा तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम चारामा, तहसील चारामा स्थित भूमि खसरा नंबर 273/22 रकबा 0.014 हेक्ट. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 17.12.2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 02.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

**एक नजर**

## ट्रेलर की टक्कर से कार सवार महिला की मौत

**रायपुर, 9 दिसंबर।** रिंग रोड नंबर 3 निस्दा चौक के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने कार को टक्कर मार दिया। जिससे कार सवार महिला की मौत हो गई। मामले में विधानसभा पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलााफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका गरिमा मौर्य पति गीत मौर्य 38 वर्ष अपनी कार से कहीं जा रही थी, तभी रिंग रोड नंबर 3 स्थित निस्दा चौक के पास ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीक्यू 0369 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दिया। जिससे कार के पीछे सीट में बैठी गरिमा मौर्य की मौत हो गई। सूचना पर विधानसभा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया पार

**रायपुर, 9 दिसंबर।** गुढ़ियारी एवं सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुर्रा भट्टी गुढ़ियारी निवासी अरूण यादव 26 वर्ष ने गुढ़ियारी थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलजे 1921 को परसुराम भवन के पास गुढ़ियारी में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में कृष्णा नगर कोटा निवासी मुन्ना महानंद 42 वर्ष ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमवाय 5109 को कोटा स्थित मारूति शोरूम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## चाकू लहराता युवक पकड़ाया

**रायपुर, 9 दिसंबर।** उरला पुलिस ने सिंघानिया चौक के पास चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस को सूचना मिली कि सिंघानिया चौक के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी सत्यम राजपूत 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की एक और योजना का नाम बदला

**रायपुर, 9 दिसम्बर।** राज्य सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकार की एक और योजना का नाम बदल दिया है। सरकार ने अब तीरथ बारात योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना कर दिया है, आपको बता दें कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना साल 2012 में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में शुरू किया गया था. इसके तहत वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाते थे, लेकिन 2018 में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार ने इसका नाम बदलकर 'तीरथ बारात योजना' कर दिया. 2019 से 2023 के दौरान इस योजना के तहत तीर्थयात्राएं नहीं की गईं। अब बीजेपी सरकार ने इस योजना का पुराना नाम बदल दिया है. इसके लिए वर्ष 2024-25 के प्रथम अनुपूरक में 25 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान किया गया है। सरकार के इस फैसले को लेकर विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच राजनीति गरमा सकती है. माना जा रहा है कि नाम बदलने के इस कदम से सरकार अपनी पुरानी योजनाओं को पुनर्जीवित करने और जनता से जुड़ने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक यात्राओं के माध्यम से आध्यात्मिक और मानसिक शांति प्रदान करना है। इसके तहत सरकार बुजुर्गों को तीर्थ स्थलों तक मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान करती है।

## तीन दिन से लापता नितेश का अब तक नहीं चला पता

**डोंगरगढ़, 9 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डोंगरगढ़ से सटे ग्राम करवारी से 6 दिसंबर की सुबह 3 बजे से लापता नितेश कुमार कोरे पिता कुंवर लाल कोरे उम्र 30 वर्ष का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। आपको बता दें कि ग्राम



करवारी थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव निवासी 6 दिसंबर को प्रातः लगभग 3:00 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया है। जिसकी गुमसुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने डोंगरगढ़ थाने में करवाई है।परिजनों ने बताया कि नितेश कोरे थोड़ा मंदबुद्धि है जो कत्था रंग का शर्ट, भूरा रंग का जैकेट व काला रंग का जींस पहना हुआ है। नितेश की हाईट 5 फिट 4 इंच है। जिस किसी भी इसके बारे में जानकारी मिलती है वो थाना डोंगरगढ़ के 9479192111 पर सूचना दे सकते हैं।

# आपकी सोच आपकी जिंदगी बदलती है : राकेश चोपड़ा

**रायपुर, 9 दिसम्बर।** गांधी चौक स्थित, महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय, रायपुर में लव यू जिंदगी भाग 2 पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय मार्गदर्शक एवं प्रेरक वक्ता राकेश चोपड़ा ने अपना सत्र लिया एवम छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया वहीं आयोजन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमोद दुबे सभापति नगर पालिक निगम रायपुर एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष अजय तिवारी अध्यक्ष प्रबंध समिति डॉक्टर देवाशीष मुखर्जी प्राचार्य महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय की विशेष उपस्थिति रही आयोजन में मुख्य वक्ता राकेश चोपड़ा जीवन कौशल पर बातचीत करते हुए कहा की व्यक्ति को खुद पर भरोसा रखना चाहिए तभी सफलता के अंतिम बिंदु तक पहुंचा जा सकता है।

उन्होंने कहा आप जो सोचते हैं और समझते हैं उसकी झलक आपके चेहरे पर दिखाई पड़ती है उनका यह भी कहना था कि जिन महत्वपूर्ण एवं फेमस व्यक्तियों ने सफलता हासिल की है उन्हें संघर्ष से मिली है सचिन तेंदुलकर से लेकर अभिनेता अक्षय कुमार, सुनील गावस्कर के सुपुत्रों की जीवन यात्रा का उदाहरण पेश किया और यह समझाने की कोशिश की की



सफलता बांटने से नहीं मिलती हासिल करने से मिलती है उन्होंने कहा कि आपकी सोच से शब्द तैयार होते हैं और व्यवहार में एवम आदत में परिलक्षित होते हैं यही वजह है कि आप शब्द के जरिए अपना स्थान बना पाते हैं बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्होने कहा कि अनुभव की पाठशाला में पिता होकर दर्द समझने का हुनर अपनाना होगा तभी आप नकारात्मक शब्द से सकारात्मक शब्द की तरफबढ़ सकेंगे।

इसके अलावा बताया कि व्यक्ति परिणाम को लेकर काफी परेशान रहता है इसीलिए सदैव सोचता रहता है कि लोग क्या कहेंगे उनका कहना था कि इस विचार को त्यागना होगा और खुश होकर काम करने से खुशी मिलेगी सफलता मिलेगी अंत में यह भी कहा की जीवन में सफल होना है तो माता-पिता की योगदान को विशेष स्थान पर रखिए इससे पहले आयोजन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निगम सभापति प्रमोद दुबे ने विचार रखें और कार्यशाला के उद्देश्यों को स्पष्ट किया अपने चुलबुले अंदाज में निगम सभापति ने बच्चों को प्रेरित कर मार्गदर्शन भी किया वहीं आयोजन में प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी ने भी उपस्थित जन समूह को आशीर्वचन दिए और संस्था के उद्देश्यों को स्पष्ट किया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर देवाशीष मुखर्जी ने कार्यशाला की महत्व को बताया कि इस तरह के आयोजन का उद्देश्य कॉलेज में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को लेकर है।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रबंधन समिति और उनका स्टाफ निरंतर छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के विकास पर कार्य करता रहा है और आने वाले दिनों भी यह अभ्यास जारी रहेगी आयोजन के दौरान मंच का संचालन महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉक्टर किरण अग्रवाल ने किया और आभार प्रदर्शन प्रो प्रीतम दास ने रखा वहीं आयोजन में एनसीसी की छात्र-छात्राओं को योगदान पर बैच लगाकर सम्मानित किया गया। 200 से अधिक बच्चों एवम समस्त प्राध्यापकगन सम्मलित हुए।

# नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने आरओ-एआरओ को दिया गया प्रशिक्षण

■ मुख्य नगर संवाददाता

- 11 दिसम्बर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा
- चुनाव को लेकर सभी संभावित दावेदारों की नजर आरक्षण पर




**रायपुर, 9 दिसम्बर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। आज 33 जिलों के निर्वाचन अधिकारियों, सहायक निर्वाचन अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया है। नगरीय निकाय के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 11 दिसम्बर को कर दिया जाएगा। 25 दिसम्बर को आचार संहिता लगने का अनुमान है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ कराने के निर्णय के पश्चात् आयोग द्वारा सभी जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस संबंध में सभी संभागों के डीआईजी, कमिश्नर, कलेक्टर एवं एसपी की बैठक ली जा चुकी है। नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 11 दिसम्बर को कर दिया जाएगा। मतदान केंद्रों के रखरखाव एवं बैलेट पेपर, स्याही तथा आचार संहिता का पालन कराने के लिए आयोग द्वारा पर्यवेक्षक भी नियुक्त कर दिए गए हैं। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए आयोग द्वारा मतदाता सूची के लिए दावा-आपत्ति मंगाया गया था। इसके पश्चात अब अंतिम प्रकाशन हेतु सभी जिला कलेक्टरों द्वारा मुद्रालय से कोटेशन मंगाए जा रहे हैं ताकि मतदाता सूची का प्रकाशन निर्धारित समय पर कराया जा सके। आयोग के अनुसार आज आयोग के उपसचिव आलोक श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारियों ने मास्टर ट्रेनरों सहित अन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया है।

### 25 से आचार संहिता लगने के संकेत

त्रिस्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आचार संहिता 25 दिसम्बर को लगाए जाने के संकेत हैं। इसके पहले चुनाव की तिथियां घोषित की जाएगी। राज्य में शहरी क्षेत्रों में विभिन्न वार्डों के मुख्य सड़कों का डामरीकरण कार्य तेजी से चल रहा है। पंचायत स्तर पर प्रधानमंत्री सड़क योजना, पचरी निर्माण तथा अन्य कार्यों में तेजी आ गई है। कहने को तो पंचायत चुनाव गैर राजनीतिक आधार पर लड़ा जाता है लेकिन सत्तारूढ़ दल अपने प्रत्याशियों को जिला पंचायत सदस्य के रूप में लड़ाने के लिए काफी प्रयासरत है। रणनीतिकारों का कहना है कि दोनों चुनाव विलंब से हो रहे हैं इसलिए कांग्रेस और भाजपा की जीत आसान नहीं होगी।

**आरक्षण को लेकर मचा बवाल:** नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के लिए वार्डवार तथा ग्रामवार आरक्षण किया जाना है। जिन क्षेत्रों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की संख्या ज्यादा होगी वहां पर आरक्षण दिया जाएगा। यह आरक्षण संविधान के अनुसार 50 प्रतिशत होगा। आयोग के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए प्रमुख सचिव निहारिका सिंह बारिक पूरा चार्ट देख रहीं है। आरक्षण का चार्ट सावधानीपूर्वक बनाया जा रहा है ताकि न्यायालय में स्टे न मिल पाए। वहीं नगरीय निकाय चुनाव के आरक्षण की प्रक्रिया को प्रमुख सचिव बसवराजू एस. देख रहे हैं। आरक्षण को लेकर चुनाव लड़ने वाले सभी संभावित दावेदार इसके संबंध में जानकारी हासिल करना चाहते हैं। नगरीय निकाय चुनाव में वार्ड एवं महापौर प्रत्याशी तभी सक्रिय होंगे जब वार्डों का आरक्षण हो जाएगा। रायपुर नगर निगम में 12 अनुसूचित जाति, जनजाति तथा 18 वार्ड पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। आरक्षण की घोषणा के पश्चात 2 से 5 वार्ड आरक्षित होंगे। चुनाव लड़ने के इच्छुक सभी संभावित दावेदार चुनाव की तैयारियां कर रहे हैं। लेकिन आरक्षण के बाद ही जनता के सामने आएंगे।

# स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का 7वां संस्करण 11 दिसंबर को

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 9 दिसम्बर।** अमिटी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. पीयूषकांत पांडेय ने बताया कि दो दिवसीय स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) का 7 वां संस्करण 11 दिसंबर, 2024 को रायपुर में अमिटी यूनिवर्सिटी में शुरू होगा। साथ ही देशभर 51 केंद्रों पर भी इसका प्रारंभ होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। अमि टी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ में एसआईएच की मेजबानी करेगी। डॉ. पांडेय ने एक पत्रकावार्ता में बताया कि इस कार्यक्रम में तेरह राज्यों की 31 टीमें, जिसमें 186 प्रतिभागी (103 पुरुष और 83 महिलाएं), 28 मेंटरों की देखरेख में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम को उद्योग और अकादमिक दोनों क्षेत्रों के विशेषज्ञों सहित 17 प्रतिष्ठित जूरी सदस्यों की उपस्थिति से और समृद्ध किया जाएगा, जो प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करेंगे। इसका समापन 12 दिसंबर को होगा।

कुलपति ने कहा कि एमिटी यूनिवर्सिटी, रायपुर नोडल सेंटर में एसआईएच 2024 के ग्रैंड फिनाले से समस्या कथनों के परिणाम के रूप में अपेक्षित समाधान स्वच्छ और हरित प्रौद्योगिकी, स्मार्ट शिक्षा, आपदा प्रबंधन, विरासत और संस्कृति, फिटनेस और खेल हैं।

एसआईएच एक राष्ट्रव्यापी पहल है और इसका उद्देश्य छात्रों को दैनिक जीवन में आने वाली कुछ गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए मंच प्रदान करके उत्पाद नवाचार और समस्या-समाधान मानसिकता की संस्कृति को विकसित करना है। पिछले संस्करणों की तरह, छात्र दल मंत्रालयों/विभागों/उद्योगों द्वारा दिए गए समस्या सुझावों पर काम करेंगे या 17 विषयों में से किसी पर भी छात्र नवाचार श्रेणी में अपना विचार प्रस्तुत करेंगे। एआईएच 2024 के लिए 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों और उद्योगों द्वारा 250 से अधिक समस्याओं के बारे में विचार प्रस्तुत किए गए हैं। इस वर्ष संस्थान स्तर पर आंतरिक हैक थॉन में 240 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई है, जो एआईएच 2023 में 900 से बढ़कर एआईएच 2024 में 2247 से अधिक हो गई है, जिससे यह अब तक का सबसे बड़ा संस्करण है।

# 'परमात्मा की आरती जीवन को प्रकाशमान करती है'



**रायपुर, 9 दिसम्बर।** आचार्य भगवंत जिनमणिप्रभ सूरीश्वर की प्रेरणा से प्रति रविवार को बच्चों के मन मस्तिष्क में सुसंस्कार के बीजारोपण करने सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सकारात्मक पहल करते हुए बच्चों को प्रभु नवांगी पूजन, देववंदन विधि सिखाई जाती है, इसी तारतम्य में आज बच्चों को परमात्मा व दादागुरुदेव की आरती व मंगल दीपक की सम्पूर्ण विधी सिखाई गई। अनुमोदना स्वरूप बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस रविवारीय सत्र में बच्चों को प्रभु, दादागुरुदेव की आरती व मंगल दीपक के दोहे, दोहों की राग आदि की जानकारी दी गई। जैन मंदिरों में प्रतिदिन प्रातः व संध्याकाल में आरती होती है। महासचिव महेन्द्र कोचर ने कहा कि रायपुर के जैन मंदिरों में संध्या आरती में नगण्य उपस्थित चिंता की बात है, आरती में ज्यादा से ज्यादा श्रावक श्राविकाओं को भाग लेने अभियान चलाया जाना चाहिए।

# गुणवत्तापूर्ण ई-कंटेंट आवश्यक : गिरीशकांत

**रायपुर, 9 दिसम्बर।** विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय एवं विवेकानंद महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वाणिज्य एवं प्रबंध संकाय द्वारा ई कंटेंट डेवलपमेंट विद एक्सेसिबल प्लेटफॉर्म इन वेरियस फैकल्टी ऑफ़ स्टडीज विषय पर आयोजित तीन दिवसीय नेशनल वर्कशॉप

के तीसरे दिवस समापन समारोह मुख्य अतिथि प्रो. गिरीश कांत पांडेय (पूर्व कुलसचिव, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर एवं प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय नवागढ़ )के मुख्य आतिथ्य एवं प्रो. प्रीति के .सुरेश (संचालक, मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर एवं प्रोफेसर, इंस्टिट्यूट ऑफ़फर्मेसी पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रो.गिरीश कांत पांडेय ने कहा कि आज की पीढ़ी डिजिटल वर्ल्ड में रहती है। उसे शिक्षित करने के लिए विश्वसनीय, प्रमाणित और गुणवत्तापूर्ण ई कंटेंट



आवश्यक हो गया है। आज के विद्यार्थी को सिर्फ क्लास रूम में बांधकर नहीं रखा जा सकता। उसे क्लासरूम में सीखाकर ई कंटेंट के माध्यम से जानकारी को विस्तार देना प्राध्यापक के लिए उचित है। इसके लिए आज हर शिक्षक को ई कंटेंट डेवलप करना आना चाहिए। साथ ही विद्यार्थियों को यह भी बताना होगा की कौन से विषय का कौन सा चैप्टर के लिए ई कंटेंट कहां-कहां से मिल सकता है। क्योंकि आज की पीढ़ी जिस माध्यम से सीखना चाहता है, उसे उसी माध्यम में शिक्षित करना होगा और वह माध्यम आज के समय में ऑनलाइन क्लास या ई कंटेंट ही हो सकता है।

इस अवसर पर प्रो. प्रीति के. सुरेश ने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए ई कंटेंट विकसित करना आवश्यक हो गया है। छात्रों तक पहुंचाने के लिए ई कंटेंट को विकसित करने का हम जितना भी प्रैक्टिस करते जाएंगे, उतना यह सीखने और सीखने की प्रक्रिया में सहयोगी होता जाएगा।

इसके पूर्व विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कोरोना काल ने हम सबको सिखाया है कि ऑनलाइन क्लास मजबूरी में ही सही पर विद्यार्थियों को शिक्षित करने के लिए जरूरी है और ऑनलाइन क्लास के बाद विद्यार्थियों तक पाठ्य सामग्री पहुंचाने के लिए ई कंटेंट महत्वपूर्ण बन गया है। यह वर्कशॉप महत्वपूर्ण और समसामयिक बन गया है क्योंकि डिजिटल इंडिया के बिना विकसित भारत संभव नहीं है। इस अवसर पर विवेकानंद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने तीन दिवसीय कार्यशाला का रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से ई कंटेंट विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी मिली हैं।अतः यह कार्यशाला तभी सफल माना जाएगा, जब हम सभी प्राध्यापक गुणवत्तापूर्ण ई कंटेंट डेवलप करके विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराए।

### महिला ने वाईफाई लगवाने के बहाने बुलाकर गिरोह के साथ लूटे हजारों रुपये

# ब्लैकमेल व लूटपाट करने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**रायपुर, 9 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में महिला संबंधी अपराध में फसाने का भय दिखाकर ब्लैकमेलिंग और लूटपाट करने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार किए गए हैं। आरोपियों में से एक ने खुद को पुलिस कर्मी बताया था भयादोहन किया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपियों ने पीड़ित से फोन पे के माध्यम से वसूले थे 8000 हजार रुपये। मामले में तीन युवकों और दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रायपुर एसपी डॉ. संतोष सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि, दो आरोपी महिलाओं के द्वारा लोगों को अपने झांसे मे लेकर सुनसान इलाके में लेकर जाया करते थे। महिलाओ द्वारा ले जाने वाले स्थान पर उनके साथी पहुंच कर अपने आप को पुलिस वाल होना बताकर एवं थाने ले जाने की धमकी देकर लूट करते थे।



**अपने परिचित को ही फंसाया:** एसपी ने बताया कि, आरोपियों में से एक प्रदीप सिंह बोपाराय के विरूद्ध पहले भी थाने में प्रकरण दर्ज है। उक्त सभी आरोपीगणों ने आवेदक के पास नगदी पैसा नहीं होने पर फोन पे के माध्यम से 8 हजार रुपये लिया है। आरोपी यश प्रजापति ने प्लान कर अपने परिचित प्रार्थी राघव मिश्रा का मोबाईल नबंर देकर लूट की घटना को अंजाम दिया है।

**वाईफाई लगवाने के बहाने शुरू की बात:** मिली जानकारी के मुताबिक, लूट का शिकार हुआ प्रार्थी राघव मिश्रा डीडी नगर रायपुर का रहने वाला है। वह एयरटेल कपंनी मे वायफाय लगाने का काम करता है। एसएसपी संतोष सिंह ने बताया कि, महिला अन्नू अग्रवाल को यश प्रजापति ने अपने परिचित राघव मिश्रा का मोबाईल नबंर दिया था। अन्नू अग्रवाल ने राघव के मोबाईल नबंर पर कॉल कर एयरटेल का वायफाय लगवाना है कहकर बातचीत की। इस दौरान उसने अपना बनावटी नाम पायल साहू बताया। उस समय प्रार्थी बाहर था। जब वापस आया तो अपने मोबाईल नबंर से महिला के मोबाईल पर वायफाय लगवाने के लिये काल किया। वह बोली कि, मेरी दोस्त खुशबू तिवारी के पति काका ढाबा के पास स्थित फैक्टरी में गार्ड का काम करते हैं। अभी मेरे दोस्त का डायवोर्स अपने पति के साथ हो गया है वह उनके साथ नहीं रहती है। अब उनके जगह पर मेरी दोस्त गार्ड का काम करती है। उसी जगह पर वायफाय लगाना है। वह प्रार्थी को मरकटटी तालाब के सामने ब्लू कलर का बडा से गेट दिखेगा वहां पर पहुंचने बोली।

महिला ने प्रार्थी को अपने जाल में फंसाने के लिये घटनास्थल पहुंचकर वाटसएप के माध्यम से लोकेशन शेयर कर दी। उसी लोकेशन पर प्रार्थी पहुंचा और उसे कॉल किया तो खन्डहर जैसे कमरे से महिला बाहर निकली। उसी स्थान पर एक अन्य महिला खुशबू तिवारी भी उपस्थित थी। जब प्रार्थी खन्डहर जैसे घर में प्रवेश करता है तो उसे शंका होती है कि, कुछ गड़बड़ है। इसी दौरान महिला वाशरूम जाने के बहाने से बाहर निकली और अपने पुरूष साथियों को कॉल कर बुलाई। प्रार्थी हड़बडी में घबराकर बाहर निकलता है तो उसी समय दो लोग प्रदीप सिंह बोपाराय व मदन सोना मौके पर पहुंचकर प्रार्थी के साथ मारपीट करने लगे। इसके बाद लूट को अंजाम दिया गया।

## सरेआम शराब पीते 65 गिरफ्तार

**रायपुर, 9 दिसंबर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 65 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर पुलिस ने यदुवंशी चौक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सूरज चांगे 29 वर्ष व हसन अली शाह 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी पवित्र बाग 23 वर्ष, राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी सुखदेव सिंह धन्नु 34 वर्ष, मौदहापारा पुलिस ने आरोपी कुलदीप तिर्की 35 वर्ष व अभय तिर्की 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गंज थाना पुलिस ने आरोपी हिमांसु साहू 21 वर्ष, अविनाश सेन 25 वर्ष, छोटू नायक 22 वर्ष, शेखर गोश्वामी 23 वर्ष व गणेश गोश्वामी 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26